R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 182 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 11 जून 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी ने रचा नया इतिहास
# सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित पीएम बनने का बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। 10 जून को उन्होंने लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे हो गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 4,398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का यह लगातार तीसरा कार्यकाल है, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम था, जो 1952 के पहले आम चुनाव के बाद 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहे थे। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आर्थिक मोर्चे पर भारत वर्ष 2025 में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी



सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। देश की जीडीपी 4.18 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची और आने वाले वर्षों में भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावनाएं जताई गईं। डिजिटल इंडिया, वित्तीय समावेशन, आधारभूत ढांचे के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश के विकास को नई गति दी है। प्रधानमंत्री मोदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक सम्मान मिला है। वर्ष 2014 से अब तक उन्हें 31 देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया सहित दुनिया के कई देशों की संसदों को संबोधित कर भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर देश-विदेश के नेताओं ने प्रधानमंत्री को बधाई दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले 4,399 दिनों में देश को मजबूत और निर्णायक नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों का केंद्र अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे देश के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व सेवा, सुरक्षा और समृद्धि का प्रतीक है। वहीं उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड नहीं, बल्कि भारत के विकास और परिवर्तन की यात्रा का प्रतीक है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने भी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता द्वारा लगातार जताए गए विश्वास का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी की इस उपलब्धि के साथ केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के 12 वर्ष भी पूरे हो गए हैं। इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और यादगार पड़ाव के रूप में देखा जा रहा है।

## पंजाब में 'हिंदू कार्ड' पर सियासी घमासान, केजरीवाल की रणनीति पर उठे सवाल

चंडीगढ़। पंजाब की राजनीति में एक बार फिर धर्म और वोट बैंक को लेकर बहस तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को "हिंदू व्यापारियों" से जोड़कर दिए गए बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा शुरू हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक इसे पंजाब में बदलते समीकरणों और आगामी चुनावी रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं। दरअसल, पंजाब के कुछ कारोबारियों और मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े ठिकानों पर ईडी की छापेमारी के बाद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि ईडी छोटे-छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। उन्होंने व्यापारियों से घबराने की जरूरत न होने की बात कहते हुए पंजाब सरकार के समर्थन का भरोसा दिलाया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए बेहद सतर्क है। दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद पार्टी की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत अब पंजाब ही है। ऐसे में भाजपा के बढ़ते राजनीतिक प्रयासों और हिंदू वोट बैंक में संभावित सेंध को रोकने के लिए केजरीवाल नई रणनीति अपनाते दिखाई दे रहे हैं। पंजाब में लगभग 57 प्रतिशत सिख और 38 प्रतिशत हिंदू मतदाता हैं। भाजपा लंबे समय से हिंदू



मतदाताओं के साथ-साथ सिख समुदाय में भी अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में केजरीवाल द्वारा "हिंदू व्यापारियों" का मुद्दा उठाना भाजपा की रणनीति का जवाब माना जा रहा है। हालांकि, इस बयान को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। मनजिंदर सिंह सिरसा ने आरोप लगाया कि केजरीवाल समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि पंजाब की पहचान भाईचारे, साझा विरासत और सामाजिक सौहार्द से है, इसलिए धर्म आधारित राजनीति से राज्य को बचाने की जरूरत है। फिलहाल, केजरीवाल के बयान ने पंजाब की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह रणनीति आम आदमी पार्टी को राजनीतिक लाभ दिलाती है या विपक्ष के हमलों का नया मुद्दा बनती है।

## मोदी के 12 वर्ष पूरे, मुख्यमंत्री शर्मा ने की विशेष पूजा-अर्चना




जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि के साथ प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। नक्सलवाद और आतंकवाद पर नियंत्रण तथा विश्व मंच पर भारत की बढ़ती साख भी इसी नेतृत्व की बड़ी उपलब्धियां हैं। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया और उनसे आत्मीय संवाद भी किया। इस अवसर पर विधायक कालीचरण सराफ सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में दर्दनाक हादसा, 500 मीटर गहरी खाई में गिरी कार; चार की मौत


मसूरी/देहरादून । उत्तराखंड के मसूरी में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। जड़ीपानी-कोहलू बायपास मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त कार (DL5CS-4610) तीव्र ढलान वाले रास्ते से गुजर रही थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद कार सीधे गहरी खाई में जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस, एसडीआरएफ, फायर सर्विस और 108 एम्बुलेंस की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव दल ने कड़ी मशक्कत के बाद खाई से उतरकर शवों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान सत्यप्रकाश निवासी सोनीपत, सविता (48) निवासी नेहरू नगर, गाजियाबाद, संगीता



(46) निवासी करोलबाग, दिल्ली तथा 19 वर्षीय मनीत के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया गया। सभी शवों को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह ब्रेक फेल होना माना जा रहा है, हालांकि तकनीकी जांच के बाद ही दुर्घटना के सटीक कारणों का पता चल सकेगा। यह हादसा एक बार फिर पहाड़ी क्षेत्रों में वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता को उजागर करता है।

### 8 दिन अवैध हिरासत पर हाईकोर्ट सख्त, 2 लाख मुआवजे का आदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में 8 दिन तक अवैध रूप से न्यायिक हिरासत में रखे गए व्यक्ति को 2 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी नागरिक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता सर्वोपरि है और बिना वैधानिक प्रक्रिया के किसी को जेल नहीं भेजा जा सकता। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंसूर अहमद उर्फ लल्लू की याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि उन्हें शांति भंग की आशंका के मामले में कानून के प्रावधानों का पालन किए बिना जेल भेज दिया गया था। कोर्ट ने इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन माना। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को छह सप्ताह के भीतर 2 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि विभागीय जांच के बाद यदि एसीपी बारा वेद व्यास मिश्रा की जिम्मेदारी तय होती है, तो यह राशि उनके वेतन से वसूली



जाएगी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट में शांति भंग की धाराओं का दुरुपयोग चिंताजनक है। अदालत ने कहा कि संबंधित अधिकारी ने बीएनएसएस की धाराओं 170, 126 और 135 का उल्लंघन किया और व्यक्ति को बंधपत्र भरने का अवसर देने के बजाय सीधे जेल भेज दिया। सुनवाई के दौरान रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि 2024 से 2026 के बीच ऐसे मामलों में 2,325 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनमें कई लोगों को एक सप्ताह से लेकर 20 दिनों तक जेल में रखा गया। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर प्रयागराज को 14 सितंबर 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 16 राज्यों तक पहुंचा
# राजस्थान में रेतीला तूफान, यूपी-बिहार में आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित

नई दिल्ली/जयपुर । चार दिन की देरी से देश में प्रवेश करने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अब तेजी पकड़ ली है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून मात्र छह दिनों में 16 राज्यों तक पहुंच चुका है। मंगलवार को मानसून ने मिजोरम, मेघालय, सिक्किम और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों को भी कवर कर लिया। विभाग का अनुमान है कि अगले चार से पांच दिनों में यह महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में आगे बढ़ेगा। मुंबई से मानसून फिलहाल करीब 120 किलोमीटर दूर है और अगले 48 घंटों में इसके शहर में पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। वहीं अगले सप्ताह तक गुजरात, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बड़े हिस्सों में भी मानसून सक्रिय हो सकता है।



### प्री-मानसून का असर, कई राज्यों में तेज आंधी और बारिश

गुजरात को छोड़कर लगभग पूरे देश में प्री-मानसून गतिविधियां जारी हैं। इसके चलते कई राज्यों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं और बारिश दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज तूफान और मूसलाधार बारिश हुई। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिससे 100 से अधिक स्थानों पर पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। बिहार के 10 जिलों में भी आंधी के साथ बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा। राजधानी दिल्ली के पालम क्षेत्र में भी तेज धूलभरी आंधी चली। उधर, महाराष्ट्र के नवी मुंबई में भारी बारिश के बाद भूस्खलन की घटना सामने आई, जिसमें पांच कारें मलबे में दब गईं। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।

### राजस्थान और मध्य प्रदेश में मौसम का बदला मिजाज

राजस्थान में मंगलवार शाम अचानक मौसम बदल गया और कई जिलों में बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। अलवर में रेत का विशाल बवंडर उठने से दिन में ही अंधेरा छा गया। बानसूर, बहरोड़, उमरैण और सरिस्का क्षेत्र में तेज आंधी से कई पेड़ और बिजली के पोल गिर गए। उमरैण में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है तथा 11 जून से नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। वहीं मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री 15 से 18 जून के बीच होने की संभावना है। तब तक प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां जारी रहेंगी। मंगलवार को खजुराहो में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि प्रदेश के 26 शहरों में पारा 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि अगले सप्ताह मानसून के आगमन के साथ लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी।

## भाजपा को हटाने के लिए वोट का बुलडोजर चलाएं: यादव

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कार्यकर्ताओं से पार्टी को सत्ता में लाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत वोट है और भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए जनता को "वोट का बुलडोजर" चलाना होगा। मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जैसे लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को बड़ी सफलता मिली, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी पार्टी को जीत दिलानी होगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार के हटने के बाद ही प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और बिजली व्यवस्था में सुधार संभव होगा तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली दरों में वृद्धि और स्मार्ट मीटर लगाने के जरिए लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। डीजल, पेट्रोल और अन्य ईंधनों की बढ़ती कीमतों



का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं, जबकि नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं। अखिलेश यादव ने भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा "पीडीए" (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) की बढ़ती ताकत से घबराई हुई है और उसके खिलाफ साजिशें रच रही है। इस दौरान उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में उम्मीदवार बदलने की तैयारी कर रही है। उनका दावा है कि पार्टी करीब 225 सीटों पर नए चेहरे उतार सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता का सत्ताधारी दल से मोहभंग हो चुका है और लोग बदलाव की ओर देख रहे हैं। उन्होंने महंगाई और बढ़ती ईंधन कीमतों को जनता की सबसे बड़ी चिंता बताया।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द, कांग्रेस पर सीएम का आरोप

भोपाल । मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए हो रहे चुनाव के बीच कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द होने से राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। इस मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि नामांकन निरस्त होने के पीछे कांग्रेस नेताओं की ही साजिश है। मंगलवार को चुनाव अधिकारियों ने आवश्यक जानकारी छिपाने के आधार पर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द कर दिया। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के आरोपों पर कांग्रेस ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए, जबकि को खारिज करते हुए पलटवार किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस अपने उम्मीदवार के नामांकन पत्र में राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस के भीतर सफलता नहीं मिली तो पार्टी के अंदर ही कहा कि कई बार चुनाव लड़ चुके नेताओं से जा सकता। सीएम यादव ने कांग्रेस पर अपने ने हार की आशंका के चलते जानबूझकर त्रुटियां छोड़ीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई नेताओं की दावेदारी थी और जब उन्हें खेल बिगाड़ने की कोशिश की गई। उन्होंने ऐसी मूलभूत गलती होना सामान्य नहीं माना ही विधायकों पर भरोसा न होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने विधायकों को एकजुट रखने के लिए विशेष इंतजाम किए, लेकिन अब मामला सामने आने के बाद पार्टी को आत्ममंथन करने की जरूरत है। उनके अनुसार, कांग्रेस की अंदरूनी कलह और नेतृत्व संकट लगातार उजागर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस अपने नेतृत्व को ही स्वीकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने भाजपा की चुनावी सफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर जीत हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस न तो अपने नेताओं को एकजुट रख पा रही है और न ही अपने उम्मीदवारों के नामांकन को सही तरीके से संभाल पा रही है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द होने के बाद मध्य प्रदेश की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है और यह मामला अब राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक चर्चा का विषय बन गया है।



## सिलेंडर पर सिर्फ 30 पैसे प्रतिदिन का असर, विपक्ष फैला रहा भ्रम : हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एलपीजी और पेट्रोल की कीमतों को लेकर विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतों को लेकर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे अलग है। समाचार एजेंसी से बातचीत में हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पेट्रोल की कीमत में कुल वास्तविक बढ़ोतरी केवल 7.60 रुपये प्रति लीटर हुई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती के कारण करीब 10 रुपये का अतिरिक्त बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ा, जिससे लोगों को राहत मिली है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों पर उठ रहे सवालों के जवाब में मंत्री ने कहा कि कुछ चैनल 29 रुपये की बढ़ोतरी को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा रहे हैं। उन्होंने गणना समझाते हुए कहा कि उज्ज्वला योजना के अधिकांश लाभार्थी औसतन तीन महीने में एक सिलेंडर का उपयोग करते हैं। इस हिसाब से 29 रुपये की बढ़ोतरी को तीन महीने में बांटने



पर यह करीब 9.5 रुपये प्रति माह और लगभग 30 पैसे प्रतिदिन बैठती है। मंत्री ने बताया कि देश में लगभग 10.55 करोड़ उज्ज्वला लाभार्थी हैं। सरकार ने सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या चार तक सीमित की है, क्योंकि कुछ मामलों में सब्सिडी वाले सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग और डायवर्जन की शिकायतें मिली थीं। उन्होंने कहा कि सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है और यदि कोई अतिरिक्त सिलेंडर लेना चाहता है तो उसे बाजार मूल्य पर खरीद सकता है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि बिना सब्सिडी के एलपीजी सिलेंडर की कीमत कहीं अधिक होती। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सरकार आम जनता के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाती रहेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम आरोप लगाना है, लेकिन जनता को तथ्यों के आधार पर स्थिति को समझना चाहिए।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

# आय के मुकाबले बेहद महंगा पेट्रोल: राहत की राह कब निकलेगी?

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, लेकिन आम नागरिक की जेब पर बढ़ता ईंधन खर्च आज भी एक बड़ी चिंता बना हुआ है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि आय के अनुपात में भारत में पेट्रोल दुनिया के कई विकसित और विकासशील देशों की तुलना में कहीं अधिक महंगा है। यह स्थिति केवल परिवहन लागत तक सीमित नहीं है, बल्कि महंगाई, व्यापार और आम लोगों के जीवन स्तर पर भी सीधा प्रभाव डालती है। भारत की प्रति व्यक्ति दैनिक आय लगभग 7.70 डॉलर आंकी गई है। इसके मुकाबले अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और जापान जैसे देशों की आय कई गुना अधिक है। दिलचस्प बात यह है कि इन देशों में पेट्रोल की कीमतें भले ही कुछ मामलों में भारत के बराबर या अधिक हों, लेकिन वहां की आय इतनी ज्यादा है कि पेट्रोल खरीदना लोगों पर बोझ नहीं बनता। अमेरिका में एक व्यक्ति को हर महीने 40 लीटर पेट्रोल खरीदने के लिए अपनी आय का केवल 0.6 प्रतिशत खर्च करना पड़ता है, जबकि भारत में उतनी ही मात्रा का पेट्रोल खरीदने के लिए लगभग 17.6 प्रतिशत आय खर्च करनी पड़ती है। यह अंतर केवल आय का नहीं, बल्कि कर व्यवस्था का भी है। भारत में पेट्रोल और डीजल पर केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा लगाए जाने वाले कर कुल कीमत का लगभग आधा हिस्सा बनाते हैं। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद उपभोक्ताओं को अपेक्षित राहत नहीं मिल पाती। दूसरी ओर अमेरिका में ईंधन पर करों का हिस्सा केवल 15 से 20 प्रतिशत है, जबकि पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में भी यह 25 से 40 प्रतिशत के बीच है। ईंधन की ऊंची कीमतों का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता। माल ढुलाई, कृषि, उद्योग और सार्वजनिक परिवहन की लागत बढ़ने से लगभग हर वस्तु और सेवा महंगी हो जाती है। इसका सबसे अधिक प्रभाव निम्न और मध्यम आय वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय का बड़ा हिस्सा रोजमर्रा की जरूरतों में ही खर्च हो जाता है। सरकारों के लिए पेट्रोलियम कर राजस्व का महत्वपूर्ण स्रोत हैं, लेकिन आम जनता को राहत देना भी उतना ही आवश्यक है। समय आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर पेट्रोल और डीजल पर करों की समीक्षा करें तथा इन्हें जीएसटी के दायरे में लाने जैसे विकल्पों पर गंभीरता से विचार करें। आर्थिक विकास का वास्तविक लाभ तभी माना जाएगा जब आम नागरिक की जेब पर बढ़ता ईंधन बोझ कम हो और उसकी क्रय शक्ति मजबूत बने। पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के बीच यही सबसे बड़ी जरूरत और सबसे बड़ी चुनौती है।

## सृजन के 25 वर्ष प्रदर्शनी

# कला संसार में प्रेम, प्रकृति और आत्मा का विलक्षण संगम



ललित गर्ग

**कला केवल रंगों, रेखाओं और आकृतियों का संयोजन नहीं होती, वह जीवन की अनुभूतियों, संबंधों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति भी होती है। जब दो कलाकार अपने-अपने स्वतंत्र व्यक्तित्व, दृष्टि और शैली के साथ जीवन की यात्रा में सहयात्री बनते हैं, तब उनकी रचनात्मकता एक नए आयाम को जन्म देती है। डॉ. अनूप कुमार चांद और शुभ्रा चांद की पच्चीस वर्षीय वैवाहिक यात्रा और उनकी समानांतर कला-यात्रा इसी अद्भुत एवं विलक्षण संगम का साक्ष्य है। यह केवल विवाह की रजत जयंती नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, समर्पण और सृजनशीलता के पच्चीस वर्षों का उत्सव है। निश्चित ही कुछ यात्राएँ समय की गणना से नहीं, संवेदनाओं की गहराई से मापी जाती हैं। कुछ संबंध केवल सामाजिक बंधन नहीं होते, वे दो चेतनाओं का ऐसा संगम होते हैं, जहाँ जीवन और सृजन एक-दूसरे के पर्याय बन जाते हैं। अनूप और शुभ्रा की पच्चीस वर्षीय वैवाहिक यात्रा तथा उनकी कला-साधना ऐसी ही एक दुर्लभ यात्रा है, जिसमें प्रेम केवल भावना नहीं रहा, बल्कि सृजन का मूल बीज बना और कला केवल अभिव्यक्ति नहीं रही, बल्कि आत्मानुभूति का माध्यम बन गई। दिल्ली के इंडिया इन्टरनेशनल सेंटर में तरूण आर्ट गेलैरी के द्वारा 4-7 जून, 2026 तक आयोजित इस संयुक्त प्रदर्शनी में इन कलाकार द्वय की दो शैलियों का आनन्द कलाप्रेमियों ने बढ़-चढ़कर लिया।**

नई दिल्ली में आयोजित यह 'सृजन के 25 वर्ष' प्रदर्शनी केवल चित्रों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि दो रचनात्मक आत्माओं के जीवन-दर्शन का सार्वजनिक उत्सव है। यह प्रदर्शनी बताती है कि कला और जीवन जब एक-दूसरे के पूरक बन जाते हैं, तब सृजन का स्वरूप कितना व्यापक और प्रभावशाली हो सकता है। यह आयोजन इस सत्य को पुनः स्थापित करता है कि महान कला केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर संवाद, पारस्परिक सम्मान और साझा स्वप्नों से जन्म लेती है। आज जब संसार का बड़ा हिस्सा उपभोग, प्रदर्शन और तात्कालिक उपलब्धियों की संस्कृति में उलझा हुआ है, तब अनूप और शुभ्रा की कलायात्रा हमें उस भारतीय कला-दृष्टि की याद दिलाती है, जिसमें कला का उद्देश्य केवल सौंदर्य का निर्माण नहीं, बल्कि सत्य, शिव और सुंदर की अनुभूति कराना है। भारतीय चिंतन में कला को साधना कहा गया है। साधना का अर्थ है-अपने भीतर उतरना, स्वयं को तराशना और अंततः उस चेतना का स्पर्श करना जो समस्त सृष्टि में व्याप्त है। यही तत्व इन दोनों कलाकारों की रचनात्मक सृजन में दिखाई देता है। अनूप की कला प्रकृति से संवाद करती है। उनके चित्रों में समुद्र की लहरें, वन्य जीवन, ग्रामीण जीवन, लोक-संस्कृति और मानवीय संवेदनाएँ केवल दृश्य नहीं हैं, बल्कि प्रकृति के भीतर धड़कती हुई चेतना की अभिव्यक्ति हैं। वे प्रकृति को वस्तु नहीं मानते, बल्कि एक जीवित सत्ता के रूप में देखते हैं। उनकी कला मानो यह संदेश देती है कि मनुष्य और प्रकृति दो अलग इकाइयाँ नहीं हैं; दोनों एक ही अस्तित्व की परस्पर जुड़ी हुई कड़ियाँ हैं। उनके रंगों में पर्यावरणीय चिंता है, उनकी रेखाओं में करुणा है और उनकी आकृतियों में जीवन के प्रति गहरा सम्मान है। अनूप की कला प्रकृति, लोकजीवन और सामाजिक सरोकारों से संवाद करती है। वे प्रकृति के माध्यम से मनुष्य के अंतर्मन को पढ़ते हैं, गढ़ते हैं। दूसरी ओर शुभ्रा की कला हमें दृश्य जगत से अदृश्य जगत की ओर ले जाती है। उनके कैनवास पर रंग केवल रंग नहीं रहते, वे ध्यान की मुद्रा बन जाते हैं। वृत्त, सर्पिल और ऊर्जा के विविध रूपों के माध्यम से वे उस ब्रह्मांडीय लय को अभिव्यक्त करती हैं, जो सृष्टि के प्रत्येक कण में स्पंदित हो रही है। उनकी कला में अध्यात्म किसी धार्मिक प्रतीक या कर्मकाण्ड के रूप में नहीं आता, बल्कि चेतना के विस्तार के रूप में प्रकट होता है। उनके चित्रों को देखते हुए ऐसा अनुभव होता है मानो रंग ध्यान कर रहे हों और आकृतियाँ मौन में कोई गूढ़ संवाद कर रही हों। उनका कला संसार अमूर्तन, आध्यात्मिकता और ब्रह्मांडीय ऊर्जा से निर्मित है। उनके कैनवास पर वृत्त, सर्पिल और रंगों की लय केवल दृश्य संरचनाएँ नहीं, बल्कि चेतना की गहन यात्राएँ हैं। वे दर्शक को बाहरी दुनिया से भीतर की यात्रा की ओर ले जाती हैं। एक कलाकार प्रकृति का कवि है, तो दूसरी आत्मा की चित्रकार। एक धरती की धड़कनों को सुनता है, दूसरी ब्रह्मांड

**भारतीय चिंतन में कला को साधना कहा गया है। साधना का अर्थ है-अपने भीतर उतरना, स्वयं को तराशना और अंततः उस चेतना का स्पर्श करना जो समस्त सृष्टि में व्याप्त है। यही तत्व इन दोनों कलाकारों की रचनात्मक सृजन में दिखाई देता है। अनूप की कला प्रकृति से संवाद करती है। उनके चित्रों में समुद्र की लहरें, वन्य जीवन, ग्रामीण जीवन, लोक-संस्कृति और मानवीय संवेदनाएँ केवल दृश्य नहीं हैं, बल्कि प्रकृति के भीतर धड़कती हुई चेतना की अभिव्यक्ति हैं। वे प्रकृति को वस्तु नहीं मानते, बल्कि एक जीवित सत्ता के रूप में देखते हैं। उनकी कला मानो यह संदेश देती है कि मनुष्य और प्रकृति दो अलग इकाइयाँ नहीं हैं; दोनों एक ही अस्तित्व की परस्पर जुड़ी हुई कड़ियाँ हैं। उनके रंगों में पर्यावरणीय चिंता है, उनकी रेखाओं में करुणा है और उनकी आकृतियों में जीवन के प्रति गहरा सम्मान है। अनूप की कला प्रकृति, लोकजीवन और सामाजिक सरोकारों से संवाद करती है। वे प्रकृति के माध्यम से मनुष्य के अंतर्मन को पढ़ते हैं, गढ़ते हैं। दूसरी ओर शुभ्रा की कला हमें दृश्य जगत से अदृश्य जगत की ओर ले जाती है। उनके कैनवास पर रंग केवल रंग नहीं रहते, वे ध्यान की मुद्रा बन जाते हैं। वृत्त, सर्पिल और ऊर्जा के विविध रूपों के माध्यम से वे उस ब्रह्मांडीय लय...**



की निस्तब्धता को रंगों में व्यक्त करती है। किंतु आश्चर्य यह है कि दोनों की दिशाएँ अलग होते हुए भी उनका लक्ष्य एक ही है-मानव संवेदना का विस्तार। वास्तव में अनूप और शुभ्रा की कला भारतीय दर्शन के दो महत्वपूर्ण आयामों का प्रतिनिधित्व करती है। अनूप की कला प्रकृति के माध्यम से आत्मा तक पहुँचती है, जबकि शुभ्रा की कला आत्मा के माध्यम से ब्रह्मांड तक। एक बाहर से भीतर की यात्रा है, दूसरी भीतर से बाहर की। किंतु दोनों का गंतव्य एक ही है-चेतना का विस्तार और जीवन की गहनतर समझ। उनके वैवाहिक जीवन के पच्चीस वर्ष भी इसी कला-दर्शन का विस्तार हैं। यह केवल साथ रहने की कहानी नहीं है, बल्कि साथ विकसित होने की कहानी है। सामान्यतः दाम्पत्य में एक व्यक्ति दूसरे पर प्रभावी हो जाता है, किंतु यहाँ दोनों ने एक-दूसरे की स्वतंत्रता को संरक्षित रखा। उन्होंने प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग को चुना; वर्चस्व नहीं, संवाद को महत्व दिया। यही कारण है कि दोनों की कला स्वतंत्र पहचान रखती है, फिर भी उनके जीवन में अद्भुत सामंजस्य दिखाई देता है। अनूप एवं शुभ्रा की वैवाहिक एवं कला यात्रा यह भी सिखाती है कि प्रेम का सर्वोच्च स्वरूप स्वामित्व नहीं, बल्कि सह-अस्तित्व है। जहाँ एक-दूसरे को बदलने की कोशिश नहीं होती, बल्कि एक-दूसरे के भीतर छिपी संभावनाओं को विकसित होने का अवसर दिया जाता है। यही प्रेम जब कला से जुड़ता है तो वह रचना बन जाता है, और जब जीवन से जुड़ता है तो वह संस्कृति का रूप ले लेता है। हर सफल कलाकृति के पीछे एक गहरी अनुभूति होती है और हर सफल दाम्पत्य के पीछे विश्वास एवं सहयोग का आधार। अनूप और शुभ्रा की कहानी भी इसी सत्य को प्रमाणित करती है।

## केंद्र के 12 वर्ष

नायब सिंह सैनी



# सेवा, सुशासन व संकल्प का स्वर्णिम अध्याय

कुछ कालखंड राष्ट्र की दिशा और दशा बदलने वाले युग बन जाते हैं। उन्हें इतिहास में अलग ही अध्याय के रूप में लिखा जाता है। ऐसा ही एक अध्याय पिछले 12 सालों से भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में लिखा जा रहा है। यह काल राष्ट्र की चेतना के जागरण, वैश्विक पटल पर भारत की एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पहचान और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के पुनः उत्थान का युग है। इस युग का नेतृत्व एक ऐसे राष्ट्र पुरुष ने किया है, जिनमें 140 करोड़ भारतीयों के अटूट विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब दिखता है। यह आजादी के बाद दूसरी बार हुआ है कि भारत की जनता ने लगातार तीन बार किसी नेता में अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्वास व्यक्त किया है। जनता ने बार-बार ऐसे नेतृत्व पर भरोसा जताया, जिसने हर निर्णय और हर नीति के केंद्र में 'राष्ट्र प्रथम' को रखा। इस महान नेतृत्व को कोटि-कोटि नमन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूरे होना भारत के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के पुनर्जागरण की गाथा है। एक समय था जब भारत को 'संभावनाओं का देश' कहा जाता था, लेकिन आज भारत 'उपलब्धियों का देश' बनकर दुनिया के सामने खड़ा है। यह परिवर्तन किसी एक योजना, किसी एक निर्णय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समग्र राष्ट्र निर्माण की एक व्यापक प्रक्रिया का परिणाम है। भारत हजारों वर्षों पुरानी सभ्यता है। यह वह भूमि है जिसने दुनिया को योग, आयुर्वेद, ध्यान, दर्शन और मानव कल्याण का मार्ग दिखाया। लंबे समय तक हमने अपनी इसी अमूल्य धरोहर को केवल इतिहास की पुस्तकों तक सीमित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक चेतना को पुनः जागृत किया। उन्होंने यह संदेश दिया कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया के 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है। काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण और अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। इन पहलों ने करोड़ों भारतीयों के मन में अपनी सभ्यता और संस्कृति के प्रति नया गर्व पैदा किया है। सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ-साथ आर्थिक क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि करोड़ों भारतीयों के जीवन स्तर में सुधार का संकेत है। वैश्विक महामारी, युद्ध, आर्थिक मंदी और आपूर्ति श्रृंखला संकट जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहा। वस्तु एवं सेवा कर, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना और व्यापार के लिए ईज ऑफ डुइंग बिजनेस जैसीपहलों ने भारत को निवेश और विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धियों में यदि किसी एक परिवर्तन को विशेष रूप से रेखांकित किया जाए, तो वह भारत की डिजिटल क्रांति है। एक समय था जब सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचने से पहले ही व्यवस्था की खामियों में खो जाता था। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका आम चर्चा का विषय थी। आज जनधन और तकनीक की शक्ति ने इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। 53 करोड़ से अधिक जनधन खाते, दुनिया के सबसे अधिक यूपीआई हस्तांतरणों ने भारत को डिजिटल शासन का वैश्विक मॉडल बना दिया है। डीबीटी के माध्यम से 51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जा चुकी है। इससे पारदर्शिता बढ़ी हैऔर गरीबों को उनका अधिकार मिला है। मोदी सरकार के 12 वर्षों की सबसे महत्वपूर्ण सफलता गरीब कल्याण रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' के सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए उन्होंने विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए। उज्ज्वला योजना ने लगभग 11 करोड़ गरीब माताओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा की। जल जीवन मिशन ने गांव-गांव तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया। आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की। इन योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। वर्ष 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी की चपेट में थी, तब भारत के सामने भी विकट हालात थे। लेकिन, प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए अपनी क्षमता और नेतृत्व का परिचय दिया। एक समय जो देश वैक्सीन आयात करता था, वही देश दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक और आपूर्तिकर्ता बन गया। विकसित भारत का अर्थ बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ साथ एक ऐसा भारत होगा, जो गरीबी से मुक्त, तकनीकी रूप से सशक्त, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, अवसरों में समानता वाला और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र होगा। मोदी सरकार के 12 वर्षों की यह यात्रा हमें यह विश्वास दिलाती है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, नीयत साफ हो, नीति प्रभावी हो और राष्ट्रहित सर्वोपरि हो, तब परिवर्तन अवश्य संभव होता है। यह 12 वर्ष नए भारत के उदय की कहानी है। यह विकसित भारत के स्वर्णिम भविष्य का उद्घोष है।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संपूर्ण ब्रह्मांड है शिव जी का रूप



संकलित

**दर्शन**

जिस क्षण आपका तन अस्तित्व में आया, यह मात्र एक कोशिका के रूप में था। एक कोशिका आपका पूरा शरीर बन गई। उस कोशिका को ठीक-ठीक ज्ञात था कि आंखें कहां बनानी हैं, कान कहां बनाने हैं, गुर्दे कहां होने चाहिए, हृदय कहां होना चाहिए और एक कोशिका ने स्वयं को कई अलग-अलग ढंग से गुणित किया, जैसे कि नाखून, केश, जिह्वा, मांसपेशियां, अस्थियां और शरीर के अन्य सभी अंग। क्या कभी आपने इस बारे में सोचा है? एक कोशिका ने बहुगुणित होकर मानव शरीर के इतने सारे अंग बनाए। मानव शरीर एक है, फिर भी यह अपनी प्रकृति और बनावट में बहुत विविधता पूर्ण है। विविधता में यह एकता संपूर्ण सृष्टि में भी नजर आती है। संपूर्ण सृष्टि में सूर्य, चंद्रमा, तारे, वायु, बादल, जल, पृथ्वी एक ही पदार्थ से बने हैं। हर वस्तु एक तत्व से बनी है। उस एक तत्व को शिव कहा जाता है, जिसकी हम श्रावण के इस शुभ महीने में पूजा करते हैं। शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं।

# जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहा- अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहा- भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछा- तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहा- आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं। यह मजदूर तुम्हारे खेतों में काम करके खुश रहता था और सच्चे मन से भगवान की आराधना करता था।

## किंगफिशर



असम के नागांव जिले में मंगलवार को एक पेड़ की टहनी पर दो भूरे गले वाले किंगफिशर बैठे दिखे।

## आज की पाती

### बढ़ती रसोई गैस कीमतों से निपटना जरूरी

पश्चिमी एशिया के तनाव के कारण हमारे देश में पिछले तीन महीनों में रसोई गैस की कीमतों में दो बार वृद्धि हो चुकी है और अभी भी यह कहा जा रहा है कि अभी भी घाटा हो रहा है, क्योंकि अमरीका और ईरान युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में तेजी है। अब कुछ राज्यों में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपए के करीब या इससे ऊपर हो चुकी है। सरकारों और समृद्ध लोगों के लिए यह वृद्धि मामूली रकम हो सकती है, लेकिन एक दिहाड़ीदार से पूछो कि रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में इस बढ़ोतरी से उसे कितनी परेशानी हुई। एक तरफ सरकार गरीबों को मुफ्त का राशन बांट रही है, वहीं रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं।

*- मेघनाथ साहू, बलौदाबाजार*

## X ट्रेंड f

### दयनीय स्थिति



बारह वर्षों की गरीब-विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतावादी विदेश नीति ने आज देश को ऐसी दयनीय स्थिति में धकेल दिया है जहाँ लाखों गरीब परिवार लकड़ी के चूल्हों के जहरीले धुएं की ओर विवश हैं।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### हिंदू व्यापारियों पर रेड



आज पंजाब में ईडी एक बार फिर हिंदू व्यापारियों पर छापेमारी कर रही है। ईडी पंजाब के छोटे हिंदू व्यापारियों को परेशान कर रही है। मैं सभी व्यापारियों से अपील करता हूं - घबराने की कोई जरूरत नहीं है, पूरा पंजाब और सरकार आपके साथ है, हम सब मिलकर ईडी का सामना करेंगे।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### दोषियों को संरक्षण



रांची की जेल में हेमंत सरकार महिला कैदी के साथ जेल अधीक्षक द्वारा किए शारीरिक दुर्व्यवहार को अफवाह बताकर व मेडिकल रिपोर्ट को छुपाकर दोषियों को संरक्षण दे रही है। मामला सामने आते ही महिला को जमानत देना भी संदिग्ध लगता है।

- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

### गैर-जरूरी मुद्दे



एनडीए सरकार जनता की ज्वलंत समस्याओं और अपनी नीतिगत विफलताओं से ध्यान हटाने, गुमराह करने के लिए आवास और सुरक्षा जैसे गैर-जरूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही है। आखिर इन मुद्दों से जनता को क्या लाभ होगा?

- **तेजस्वी यादव**, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

# भारत बना दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता

भारत वर्ष 2025 में 92.1 अरब अमेरिकी डॉलर के रक्षा व्यय के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य व्ययकर्ता रहा है। अंतरराष्ट्रीय थिंक-टैंक 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है, जिसमें पिछले वर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच रहे 'असामान्य गंभीर सैन्य संकट' का भी उल्लेख किया गया है। सोमवार को जारी इस वार्षिक आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के पास जनवरी 2026 तक लगभग 190 परमाणु हथियार हैं, जबकि पाकिस्तान के पास अनुमानित रूप से 170 हथियार हैं। सिपरी के अनुसार, समझा जाता है कि भारत ने 2025 में अपने परमाणु भंडार का 'हल्का विस्तार' किया और नए हथियार प्रणालियों के विकास को जारी रखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की आधुनिकीकरण प्रक्रिया अब उन हथियारों पर केंद्रित है जो चीन के पूरे क्षेत्र तक पहुंच सकते हैं, हालांकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता भी इसका प्रमुख आधार बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान ने भी 2025 में नई हथियार प्रणालियों का विकास और विखंडनीय सामग्री का संचय जारी रखा, जिससे उसके परमाणु भंडार के आने वाले दशक में बढ़ने की संभावना है।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4.5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है।



# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूरे होने पर सीएम भजनलाल शर्मा ने दी बधाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश के प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें पत्र लिखकर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने राजस्थान के साढ़े 8 करोड़ नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री के नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन जनसेवा, राष्ट्रहित और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में किसान कल्याण, नारी शक्ति वंदन, युवा सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इन प्रयासों से देश के 140 करोड़ नागरिकों में "मोदी है तो मुमकिन है" का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।



उन्होंने उल्लेख किया कि राम जल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, जयपुर मेट्रो फेज-2, माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना और एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं ने प्रदेश के विकास को नई दिशा दी है। रिफाइनरी के शुरू होने से प्रदेश में औद्योगिक और आर्थिक विकास का नया दौर प्रारंभ होगा। भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री की कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत राजस्थान की धरती से हुई है। झुंझुनूं से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान का राष्ट्रीय विस्तार, पोषण अभियान का शुभारंभ तथा अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत इसके प्रमुख उदाहरण हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान "विकसित राजस्थान-2047" के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भर सुरक्षा नीति और मजबूत राष्ट्रीय संकल्प का परिचय दिया है। साथ ही अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक और सोमनाथ जैसे परियोजनाओं ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व शांति, लोकतांत्रिक मूल्यों और सतत विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए विश्व गुरु बनने की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है।

## ब्रीफ खबरें

# देवनानी ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा का अवलोकन किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान शिमला एवं आसपास के विभिन्न ऐतिहासिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा प्राकृतिक महत्व के स्थलों का अवलोकन कर उनकी विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। प्रवास के दौरान देवनानी ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा भवन का अवलोकन किया तथा वहां की संसदीय परंपराओं, कार्यप्रणाली एवं विधानसभा परिसर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विधानसभा परिसर में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत उन्होंने शिमला की सबसे ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध जाखू हनुमान मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। आध्यात्मिक आस्था का यह प्रमुख केंद्र अपनी विशाल हनुमान प्रतिमा एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। स्पीकिर देवनानी ने शिमला के ऐतिहासिक मॉल रोड का अवलोकन किया। उन्होंने यहां स्थित विभिन्न ऐतिहासिक भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों की जानकारी प्राप्त की। स्पीकर



देवनानी ने सन 1850 में निर्मित हेरिटेज महल वायसराय लॉज का भी भ्रमण किया। यह भव्य धरोहर भवन ब्रिटिश शासनकाल में भारत के वायसराय के ग्रीष्मकालीन निवास के रूप में उपयोग में लाया जाता था। लगभग 151 एकड़ परिसर में फैला यह भवन अपनी विशिष्ट वास्तुकला, विशाल उद्यानों एवं हिमालय के मनोरम दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। वर्ष 1965 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने इसे अधिकारिक राष्ट्र पति रिट्रीट घोषित किया। देवनानी ने इण्डियन इन्टी ट्यूट ऑफ एडवांस स्टसडी का भी अवलोकन किया। देवनानी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरें, प्राकृतिक संपदा, अध्यात्मिक आस्था केंद्र एवं सांस्कृतिक विरासत भारत की समृद्ध परंपराओं को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करती हैं। इन स्थलों का संरक्षण एवं संवर्धन देश की सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जयपुर नगर निगम ने टोंक रोड़ गौशाला से अतिक्रमण हटाया

## -19 हजार 500 रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में टोंक रोड़ गौशाला, आरयूएचएस, प्रताप नगर चैपाटी, महल रोड़, सत्कार शॉपिंग सेन्टर, मेघधन शॉपिंग सेन्टर के बाहर, खैतान टावर विद्याधर नगर, धनश्री अपार्टमेन्ट विद्याधर नगर, मणीपाल हॉस्पिटल के पीछे विद्याधर नगर, झोटवाड़ा पुलिया के नीचे एवं बजंरग कॉलोनी के बाहर झोटवाड़ा आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 19 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 5 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में टोंक रोड़ गौशाला, आरयूएचएस, प्रताप नगर चैपाटी, महल रोड़, सत्कार शॉपिंग सेन्टर, मेघधन शॉपिंग सेन्टर के बाहर, खैतान टावर विद्याधर नगर, धनश्री




अपार्टमेन्ट विद्याधर नगर, मणीपाल हॉस्पिटल के पीछे विद्याधर नगर, झोटवाड़ा पुलिया के नीचे एवं बजंरग कॉलोनी के बाहर झोटवाड़ा आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 19 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# राजस्थान रिफाइनरी से इसी माह शुरू होगा डीजल उत्पादन, निवेश और रोजगार को मिलेगा बड़ा बढ़ावा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की महत्वाकांक्षी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना जल्द ही उत्पादन शुरू करने जा रही है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि रिफाइनरी में उत्पादित डीजल, एलपीजी और पेट्रोल जैसे उत्पादों का अधिकतम उपयोग राजस्थान में ही सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे प्रदेश में निवेश, रोजगार और राजस्व के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी से डीजल उत्पादन इसी माह शुरू होने की संभावना है।

सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान रिफाइनरी राज्य की प्रतिष्ठित परियोजना है, जिसमें राजस्थान सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में डीजल और एलपीजी का उत्पादन शुरू होगा। अनुमान है कि रिफाइनरी से प्रतिवर्ष लगभग




4 मिलियन मीट्रिक टन डीजल का उत्पादन किया जाएगा।

रिफाइनरी उत्पादों के विपणन और समन्वय के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम श्रीमती अपर्णा अरोरा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की जाएगी। इस समिति में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के निदेशक (मार्केटिंग) अमित गर्ग सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों और निरंतर मॉनिटरिंग से यह परियोजना अब उत्पादन के चरण में पहुंच गई है। माना जा रहा है कि राजस्थान रिफाइनरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ औद्योगिक विकास के नए द्वार भी खोलेगी।

बैठक में बताया गया कि हिन्दुस्तान पेट्रोलियम राज्य में करीब 300 नए पेट्रोलियम आउटलेट स्थापित करने की योजना पर काम कर रहा है। इसके अलावा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, रोडवेज, पुलिस, जेल, होमगार्ड और पर्यटन विभाग की ईंधन आवश्यकताओं को भी रिफाइनरी के उत्पादों से पूरा करने की रणनीति बनाई जा रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा ने बताया कि रिफाइनरी पूरी क्षमता से संचालन शुरू होने पर प्रतिवर्ष 4 मिलियन टन डीजल, 1 मिलियन टन पेट्रोल, 1 मिलियन टन पॉलीप्रोपलीन सहित एलएलडीपीई, एचडीपीई, ब्यूटाडाइन, बेंजीन, टोल्यूइन और सल्फर जैसे उत्पादों का निर्माण करेगी।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के निदेशक अमित गर्ग ने बताया कि कंपनी ने राज्य में व्यापक विपणन नेटवर्क विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की है। साथ ही रिफाइनरी परिसर में सोलर प्लांट भी स्थापित किया जा रहा है, जिससे ऊर्जा जरूरतों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से पूरा किया जा सकेगा। यह परियोजना आने वाले वर्षों में राजस्थान के औद्योगिक और आर्थिक विकास की नई पहचान बन सकती है।

# राज्यसभा सांसद डॉ. अलका सिंह गुर्जर के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

## -पीली लुगड़ी में नजर आई मातृशक्ति



जयपुर/मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्यसभा सांसद डॉ. अलका सिंह गुर्जर के स्वागत समारोह में गुर्जर समाज की माताओं एवं बहनों का उत्साह देखने लायक रहा। पीली लुगड़ी पहनकर बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन में विशेष ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने समाज की महिलाओं के स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जयपुर धन्य हो गया है। गुर्जर समाज की माताओं और बहनों का यह अपार प्रेम एवं समर्थन उन्हें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और महिलाओं की सहभागिता किसी भी समुदाय की सबसे बड़ी ताकत होती है। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने पूरे उत्साह के साथ "भगवान देवनारायण की जय", "गुर्जर समाज की जय" तथा "डॉ. अलका सिंह गुर्जर जी का अभिनंदन" के उद्घोष लगाए। स्वागत समारोह केवल एक जनप्रतिनिधि के अभिनंदन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह गुर्जर समाज की एकजुटता, सम्मान और मातृशक्ति के गौरव का प्रतीक बनकर उभरा। कार्यक्रम के अंत में युवा मोर्चा के महेंद्र कसाना ने सभी समाजबंधुओं, माताओं-बहनों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकता और सक्रिय भागीदारी ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

# राजस्थान संपर्क पोर्टल पर खान विभाग की समीक्षा, 90.89% शिकायतों का निस्तारण

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। खान एवं पेट्रोलियम विभाग की विशिष्ट शासन सचिव श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बुधवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 के कॉल सेंटर का निरीक्षण कर विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रीवांस एनालिसिस समरी डैशबोर्ड के माध्यम से विभागवार, विषयवार और जिलावार लंबित मामलों की लाइव मॉनिटरिंग की। समीक्षा में सामने आया कि खान एवं पेट्रोलियम विभाग से संबंधित 15 हजार से अधिक परिवादों में से 90.89 प्रतिशत शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। विशिष्ट शासन सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों को परिवादियों ने "नॉट सैटिस्फाइड" श्रेणी में दर्ज किया है, उनमें शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन पर संपर्क कर समस्या की वास्तविक स्थिति समझी जाए और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान अजमेर जिले के भिनाय ब्लॉक और बडली क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन से जुड़ी शिकायतों पर विशेष ध्यान



दिया गया। श्रीमती वृष्णि ने इन मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं राजपुरा गांव में चारागाह भूमि पर बजरी के अवैध खनन की शिकायत पर भी तत्काल सुनवाई कर परिवादी को राहत प्रदान की गई।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पोर्टल पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को सही श्रेणी में दर्ज किया जाए। जिन श्रेणियों में समान प्रकृति की शिकायतें अधिक आ रही हैं, उनका पुनर्गठन किया जाए ताकि शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सके। साथ ही पेट्रोलियम या अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों को संबंधित विभागों में शीघ्र ट्रांसफर करने की व्यवस्था को भी मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए।

जिलावार समीक्षा में भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, अजमेर और पाली से सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त होने की जानकारी सामने आई। इस पर संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 के माध्यम से आमजन की शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे नागरिकों को घर बैठे समाधान उपलब्ध हो रहा है।

# कस्बे की सुरक्षा होगी और मजबूत, बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे जल्द होंगे चालू

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए नगर पालिका ने महत्वपूर्ण पहल शुरू कर दी है। कस्बे में पूर्व में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से बंद पड़े थे, जिन्हें अब जल्द ही पुनः चालू किया जाएगा। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद सभी कैमरों को चरणबद्ध तरीके से चालू कर दिया जाएगा, जिससे पूरे कस्बे की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे शुरू होने से कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी और किसी भी आपराधिक घटना



के खुलासे में पुलिस को महत्वपूर्ण साक्ष्य उपलब्ध हो सकेंगे। कैमरों की निगरानी और कंट्रोल सिस्टम मनोहरपुर थाना में पुलिस के नियंत्रण में रहेगा, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सकेगी। नगर पालिका का मानना है कि आधुनिक तकनीक से लैस निगरानी व्यवस्था न केवल अपराधों पर अंकुश लगाने में सहायक होगी, बल्कि आम नागरिकों में भी सुरक्षा का भरोसा बढ़ाएगी। कस्बे के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर लगे कैमरों के पुनः चालू होने से मनोहरपुर की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी नगर पालिका के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि सीसीटीवी कैमरे शुरू होने से अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा और कस्बा अधिक सुरक्षित बनेगा।

# नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

## -महिलाओं के सशक्तिकरण एवं जागरूकता पर दिया गया विशेष जोर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। महिलाओं के नेतृत्व एवं निर्णय क्षमता को बढ़ावा देने, राजकीय योजनाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को जयपुर जिले में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला परिषद सभागार, जयपुर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित महिला केन्द्रित योजनाओं एवं सेवाओं पर संवाद आयोजित किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम, साइबर सुरक्षा, एनीमिया नियंत्रण, लिंगानुपात सुधार तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता गतिविधियों का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सूचना आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया।

साथ ही महिला संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सहायता केन्द्रों एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला स्तर पर 310 प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जबकि जिले के समस्त ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों में 1,622 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान लाडो प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाना रहा। इस दौरान कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) देवयानी, उपनिदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं पार्थवी, महिला अधिकारिता विभाग के डॉ. राजेश डोगीवाल तथा इनाया फाउंडेशन की कार्यकारी अध्यक्ष नितिशा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्युत निगमों में तकनीशियन भर्ती के ग्रुप 3 का अंतिम परिणाम जारी

जयपुर। विद्युत निगमों में तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई)/ऑपरेटर-तृतीय (आईटीआई)/प्लांट अटेंडेन्ट-तृतीय (आईटीआई) परीक्षा के ग्रुप 3 (बॉयलर अटेण्डेंट/स्टीम टरबाइन-सह-ऑक्सिलरी प्लांट ऑपरेटर) का अंतिम परिणाम बुधवार को जारी किया गया। ग्रुप 3 के कुल 30 पदों के विरूद्ध 28 अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई। अगले चरण में ग्रुप 2 का परिणाम गत 16 जून को जारी किया जायेगा। तत्पश्चात् ग्रुप 1 का परिणाम भी जून माह में ही जारी किया जायेगा। चयनित 28 अभ्यर्थियों की सूची जारी कर विद्युत निगमों की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान ही विद्युत गृहों के दिए गए विकल्प के अनुसार उत्पादन निगम के विद्युतगृह भी आवंटित कर दिये गये हैं। नियुक्ति आदेश अलग से जारी किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि तकनीशियन-तृतीय (आईटीआई) के कुल 2163 पदों पर भर्ती हेतु प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन गत 24 से 27 नवम्बर तक किया गया था।

# राजस्थान आवासन मंडल ने नए आवासीय प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

जयपुर । राजस्थान आवासन मंडल की 255वीं बोर्ड बैठक में प्रदेश में आवास विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उदयपुर की पानेरियों की मादड़ी योजना में 304 फ्लैट्स और बाड़मेर-लंगेरा योजना में 200 आवासों के निर्माण को स्वीकृति मिली। इसके अलावा जयपुर, अलवर और इंदिरा गांधी नगर की आवासीय योजनाओं में नए फ्लैट्स एवं सामुदायिक ढांचे के विकास संबंधी प्रस्ताव भी मंजूर किए गए। बैठक में अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने और मंडल की संपत्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। यह निर्णय प्रदेश में किफायती आवास और बेहतर शहरी सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नगर पालिका ने जलभराव समस्या का कराया समाधान

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर क्षेत्र के हंसराज तिराहा–बिशनगढ़ तिराहा मार्ग पर स्थित कई कॉलोनियों का पानी निकासी व्यवस्था नहीं होने के कारण लंबे समय से सड़कों पर जमा हो रहा था। जलभराव की समस्या से स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर एलएनएस न्यूज चैनल एवं जयपुर ग्रामीण चैनल के माध्यम से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और मौके का निरीक्षण कर समस्या के स्थायी समाधान के लिए कार्य शुरू



कराया। नगर पालिका द्वारा पानी निकासी के लिए खुदाई कर सीमेंटेड पाइप डाले गए तथा जमा पानी को धूलेश्वर कॉलेज के सामने बनी पुलिया एवं नाले तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या का समाधान हो गया है और अब सड़कों पर पानी जमा नहीं होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती थी, जिससे आवागमन प्रभावित होता था। नगर पालिका की पहल से अब क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। क्षेत्र के व्यापारियों और नागरिकों ने नगर पालिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा समय रहते किया गया यह कार्य सराहनीय है। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी जनसमस्याओं का इसी तरह त्वरित समाधान किया जाएगा, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| | |
|---|---|
| **बिजली फॉल्ट के लिए** | |
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| | |
|---|---|
| **पानी के लिए** | |
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

## ब्रीफ खबरें

### बांदीकुई में विशाल रक्तदान एवं नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

बांदीकुई (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के दौसा जिले की बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और मानव सेवा के उद्देश्य से डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षा एवं सेवा समिति, बांदीकुई के तत्वावधान में 14 जून 2026 (रविवार) को विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर गुढ़ा रोड़ स्थित विजय पैलेस शिविर प्रातः 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित होगा, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों को रक्तदान के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रक्तदान शिविर में 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के स्वस्थ व्यक्ति भाग ले सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि एक यूनिट रक्त से कई जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की गई है। रक्तदाताओं को सम्मान पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श तथा उपलब्धता के अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान महादान है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ नागरिक को समय-समय पर रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं आम नागरिकों से बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया गया है। रक्तदान और स्वास्थ्य सेवा के इस महाअभियान को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### दिव्यांग जनों ने सामाजिक न्याय अधिकारीता विभाग अधिकारी से की मुलाकात

**-समस्याओं का शीघ्र समाधान के लिए दिया ज्ञापन**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर रॉयल विकलांग विकास संस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक सत्येन्द्र पाल से मुलाकात करके दिव्यांग जनों कि समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया खान ने बताया कि दिव्यांग पेंशन, पालनहार योजना, स्वरोजगार ऋण, उपकरण, सरकारी कार्यालयों में रैम्प, व्हेलचैयर आदि को लेकर चर्चा हुई सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक सत्येन्द्र पाल ने दिव्यांग जनों कि समस्याओं का अतिशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालो में तेय्यब टेलर, सद्दामखान, नबी अगवान आदि उपस्थित रहे।

### दादा नवाब कायम खां शहादत दिवस 14 जून रविवार को

चूरू (रॉयल पत्रिका)। इंसानियत एकता सेवा समिति द्वारा 14 जून रविवार वार को दादा नवाब कायम खां के 607 वें शहादत दिवस के अवसर पर सुबह 09:00 बजे भरतिया अस्पताल में सीमेंटेड बेंच लगाई जाएगी (सौजन्य से मो. रफीक राजगढ़िया व मो. इब्राहीम सोलंकी) द्वारा ओर सुबह 10:00 बजे स्टे रिलेक्सड फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल, बालाजी हार्डवेयर के सामने, नई सड़क, चूरू में दुआ-ए-मगफिरत की मजलिस आयोजित कर खिराज-ए-अकीदत पेश की जाएगी। इंसानियत एकता सेवा समिति के संस्थापक करामत खान उर्दू अदिब ने कहा कि दुआ में ज्यादा से ज्यादा शरीक होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

### राजेंद्र नगर विस्तार में PM स्वनिधी शिविर का आयोजन

**- 62 छोटे दुकानदारों को मिला योजना का लाभ**

**मोहम्मद यासीन**



पाली (रॉयल पत्रिका)। पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी के संयोजन में राजेंद्र नगर विस्तार में प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना का जागरूकता एवं आवेदन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ठेला, केबिन एवं छोटी दुकान संचालित करने वाले 62 लाभार्थियों के ऑनलाइन आवेदन लेकर सत्यापन किया गया। सभी आवेदन ऋण स्वीकृति हेतु बैंकों को अग्रेषित किए गए। महिलाओं एवं युवाओं को विशेष रूप से योजना से जोड़ते हुए PM स्वनिधी के तहत ₹10,000 से ₹50,000 तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के बेमिसाल कार्यकाल में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन को दी गई। शिविर में नगर निगम के जिला प्रबंधक शेरसिंह, युवराज वैष्णव एवं लोकेश कुमावत का विशेष सहयोग रहा।

### एक दिवसीय आधार प्रशिक्षण आयोजित

बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तर पर कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग में बुधवार को जिले के सभी आधार ऑपरेटरों का एक दिवसीय आधार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 68 आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली के प्राधिकारी व सेंटर मैनेजर एएसके कोटा प्रशांत कुमार ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सभी ब्लॉक कार्यालयों से प्रोग्रामर्स को भी वीसी के माध्यम से जोड़कर प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्होंने आधार ऑपरेटरों द्वारा किया जाने वाला आधार से संबंधित कार्य जैसे आधार नामांकन, आधार अपडेशन, नाम व जन्म दिनांक आदि को सही करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में व गुणवतापूर्ण कार्य करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

**सूचना**
**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

## महंगाई की मार से बेहाल जनता, रोज बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम - मंडेलिया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में तय राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कहा केन्द्र व राज्य सरकार गरीबों से रोटी का निवाला छिन रही है। उज्जवला सब्सिडी योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा पहले साल में 12 सिलेंडर दिये जाते थे जो घटाकर 9 सिलेंडर तथा अब 4 सिलेंडर देने की घोषणा सरकार द्वारा की है। आमजन रात को सोकर सुबह उठते है तो एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल के दाम बढे हुए मिलते है। आम जनता महंगाई से त्राहि- त्राहि कर रही है। और केन्द्र सरकार विपक्ष के सांसद व विधायको को तोडने में व्यस्त है। मंडेलिया ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आने के बाद विपक्ष की पार्टीयों को ईडी, सीबीआई व पुलिस का भय दिखाकर डराया जा रहा है। इसी तरह कल मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के फॉर्म में त्रुटिया बताकर निरस्त करना लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा सरकार चुनाव आयोग को अपने संगठन की तरह इस्तेमाल कर रही है। ये देश के लिए अच्छे संकेत नही है। रफीक मंडेलिया ने कहा हमारे नेता राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि भाजपा सरकार की गलत नितियों व तानाशाही का विरोध कर आमजन को राहत दिलाये। इस अवसर पर पीसीसी सचिव रियाजत खान, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, पं.स. प्रतिपक्ष नेता धमेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो. हुसैन निर्बाण, जिला उपाध्यक्ष जमील चौहान, एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति, रमजान खान, नारायण बालाण, अबरार खान, आरिफ रिसालदार, रणजीत दुधवामीठा, खालिद कुरेशी, बजरंग बजाड, आनन्द सैनी, संजय भाटी, दीपीका सोनी, शेरखां मलखाण, ओम गोदारा, तोफिक खान, सोयल खान डीके, सलीम गौरी, तोफिक खान एनएसयुआई, कपील भाटी, अनीस खां, अज्जु लुहार, अली मोहम्मद भाटी, समीउल्लाह गौरी, एनके झारिया, बाबू मंत्री, योगेश ढाका सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजुद रहे। बैठक के पश्चात राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने कांग्रेसजनों के साथ ग्रामीण क्षेत्र दुधवाखारा, सिरसली, बुटिंया, कडवासर सहित कई गांवों का दौरा कर ग्रामीण की समस्या सुनी तथा जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "बारह साल बेमिसाल"

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने त्रिनेत्र गणेश मंदिर एवं जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने शिव मंदिर में की पूजा अर्चना



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। केन्द्र की मोदी सरकार के बारह साल विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के अभियान के तहत बुधवार को पूरे देश में स्थित मंदिरों पर भारतीय जनता पार्टी की और से पूजा अर्चना की गई। भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इसी क्रम में आज भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने रणथंभौर में स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने बजरिया स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर आरती की । मुकेश दाधीच एवं मानसिंह गुर्जर ने पूजा अर्चना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में कार्यकर्ताओं से चर्चा की और उनको जन जन तक पहुंचाने का आग्रह भी किया, इस दौरान त्रिनेत्र गणेश मंदिर के प्रधान सेवक हिमांशु गौतम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केदारलाल मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश जैन, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, हरिओम गर्ग, मोर्चा संयोजक जमनालाल वैष्णव, जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मुरली गौतम, जिला कार्यालय मंत्री मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा, रितेश भारद्वाज, कपिल जैन, श्रीचरण महावर, रघुनाथ वैष्णव, जिनेन्द्र शर्मा, ओम सुवालका, सतीश शर्मा, केशव गौतम, ओमप्रकाश शर्मा, कमलेश जैलिया, राजू दाधीच, चेतन शर्मा, कुलदीप शर्मा, रामपाल बालोत, हरचरण सिंह, राकेश शास्त्री आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौसम्मान आह्वान अभियान को गति देने लालसोट पहुंचे संत गोपालानंद सरस्वती व पदाधिकारी

**-5 करोड़ हस्ताक्षरों का रखा लक्ष्य**

शफीक अली



महवा (रॉयल पत्रिका)। दौसा जिले के लालसोट में गौसम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण को सफल बनाने के लिए सोमवार को लालसोट क्षेत्र के डीडवाना स्थित भूतेश्वर गौशाला में राष्ट्रीय संतों के सानिध्य में गौसेवकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय संत गोपालानंद जी सरस्वती एवं गौ सम्मान आह्वानअभियान के राज्य प्रभारी बहादुर सिंह गुर्जर ने अभियान की रूपरेखा पर विस्तार चर्चा करते हुए बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत देशभर से 5 करोड़ से अधिक गौ भक्तों धर्म प्रेमी बंधुओ केहस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया। तहसील प्रभारी अक्षित जांगिड़ ने बताया कि अभियान के दूसरे चरण के तहत 27 जुलाई 2026 को जिला स्तर पर व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान संतों एवं पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने और गौसंरक्षण संवर्धन के साथ गौ माता के प्रति जनजागरण करने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने लालसोट क्षेत्र में अब तक हुए हस्ताक्षर अभियान की सराहना करते हुए कहा कि गौसेवकों के सहयोग से अभियान को नई दिशा मिली है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को इस जनआंदोलन से जोड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर लालसोट क्षेत्र के प्रसिद्ध संत पर्णकुटी आश्रम के महंत मदनमोहन दास जी महाराज, मीनू बाई किन्नर, श्यामसुंदर सोनी, दीपक पटेल, अश्विनी शर्मा, कमल जैमन, लाला पंडित, चेतन शर्मा, अजय सैनी, राकेश शर्मा, मोनू मीणा, दिनेश सैनी, अमन राजपूर्ण, अशोक सैनी, राहुल सैनी, मुकेश योगी, जगदीश जोशी गोपुत्र अवधेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं को मिल रहा है योजनाओं का भरपूर लाभ- बैरवा




बारां (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन की ओर से बुधवार को नारी चौपाल-नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला परिषद के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत विधायक राधेश्याम बैरवा के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक बैरवा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार महिला कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेहतरीन कार्य कर रही है। जिसका लाभ अनेकों महिलाओं को मिल रहा है। लखपति दीदी योजना में कई महिलाएं लखपति बन चुकी है। चिकित्सा, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार योजनाओं आदि का भी महिलाओं को भरपूर लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने कहा कि महिलाओं का आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। महिलाएं इनसे जुड़कर अपने उत्पादों को आगे बढ़ाएं जिला प्रशासन महिलाओं को ऋण व मार्केटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना व पीएम सुरक्षा योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में समाजसेवी आनंद गर्ग, श्रीमति राजेश हाड़ा, ओपी पारेता, आईसीडीएस उप निदेशक दुर्गाशंकर मीणा भी मंचासीन थे। कार्यक्रम में महिला विकास, महिला अधिकारिता, चिकित्सा, समाज कल्याण सहित अन्य विभागों में महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान लाभार्थी महिलाओं को स्वीकृत राशि के चैक भी प्रदान किए गए। संचालन सुनील शर्मा ने किया।

### बिजली पानी की विभिन्न समस्याओं को लेकर झारिया के ग्रामीण मिले जिला कलेक्टर से



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव झारिया मे आपणी योजना के पानी नहीं आने और बिजली की समस्याओं को लेकर बुधवार को ग्रामीण जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा से मिलकर समस्या के समाधान की मांग की। ग्रामीणों ने बताया की आपणी योजना की पानी की टंकी बने हुऐ करीब 8 साल हो गये परन्तु कभी भी मीठा पानी नहीं आया जिससे मजबुरन खारा पानी पीना पड़ रहा है तथा जगह जगह से पानी की पाइप लाइन टूटी हुई है जो बहुत ही हल्की क्वालिटी की डाली हुई है। साथ ही गांव में बिजली के जर्जर पौल, नया ट्रांसफार्मर और डीपी लगाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा की बिजली विभाग एवं जलदाय विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों को भी ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया है। अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मोके पर इलियास खान झारिया ने बताया अगर पानी का समाधान 7 दिन के आश्वासन के बाद नहीं किया गया तो संपूर्ण ग्राम धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे सरपंच प्रतिनिधि निसार खान, निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य एडवोकेट सुनील मेघवाल, इलियास खान, झारिया उगम सिंह, साँवर मल सारण, हाजी निशार खान, राजवीर, अयूब खान, अल्ताफ खान, आमीन खान, समशेर खान, आसिफ खान, संजीव मीणा, सरिता मेघवाल पूनम आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सर्वसमाज ने मनाई पूर्व विधायक स्व. मेघराज पंवार की 39वीं पुण्यतिथि

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जनप्रिय एवं किसान नेता स्व. मेघराज पंवार, पूर्व विधायक चूरू व सर्वसमाज के नेता की 39वीं पूण्यतिथि बुधवार को सर्वसमाज के तत्वावधान में श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाई गई। किसान घाट चूरू में आयोजित श्रद्धांजली में सभी सर्वसमाज के वर्गों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि प्रसाद सैनी, सेवानिवृत प्रधानाचार्य द्वारा की गई। सर्वप्रथम स्व. मेघराज पंवार की मूर्ति पर पुष्पांजली अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि मेघराज जी ने पार्टी से उपर उठकर चूरू विकास की राजीनीति की थी। उन्होंने पानी, बिजली, शिक्षा, किसान के लिए आवाज उठाई। इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद नायक, जिलाध्यक्ष नायक समाज, चूरू, पुष्करदत्त शर्मा, कार्यकारिण अध्यक्ष जलदाय विभाग, चूरू, संजय गुर्जर, जिलाध्यक्ष जलदाय विभाग, चूरू, अयूब खान इंटक जिला अध्यक्ष चूरू, कुन्दनमल सैनी, कैलाश चन्द्र सैनी, पवन पंवार, सुनील पंवार, निकेत सिंगोदिया, प्रभु सैनी, मनीष वर्मा, यूथ इंटक जिलाध्यक्ष, चूरू शंकरलाल प्रजापत, रामेश्वरलाल प्रजापत, राधेश्याम सारस्वत, राकेश वर्मा, महावीर सिंह जोधा, नरपसिंह, धर्मचन्द आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पीसीसी अध्यक्ष पद की दौड़ में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ने किया दावा

भीलवाड़ा (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान कांग्रेस के सांगठनिक ढांचे में बदलाव की सुगबुगाहट के बीच मेवाड़ की राजनीति से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। भीलवाड़ा जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष, खेलकूद प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी ज्ञानमल खटीक ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी सशक्त दावेदारी पेश कर दी है। इस संबंध में उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बकायदा पत्र भेजा है।




**तीन पीढ़ियों की निष्ठा का दिया हवाला, उठाई दलित नेतृत्व की मांग:**

ज्ञानमल खटीक ने आलाकमान को भेजे पत्र में अपनी तीन पीढ़ियों की कांग्रेस के प्रति अटूट निष्ठा और समर्पण का उल्लेख किया है। उन्होंने पुरजोर तरीके से रेखांकित किया है कि राजस्थान में आज तक 'शेड्यूल कास्ट' (SC) वर्ग से किसी भी जमीनी कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने का अवसर नहीं मिला है। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक भूल सुधारने के अवसर के रूप में पेश करते हुए मांग की है कि इस बार दलित वर्ग को नेतृत्व का वास्तविक अवसर प्रदान किया जाए।

**देव स्थलों पर लिया आशीर्वाद, दिल्ली कूच की तैयारी:**

अपनी दावेदारी को मजबूती देने के साथ ही ज्ञानमल खटीक ने भीलवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों का सघन दौरा शुरू कर दिया है। उन्होंने प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों— सुप्रसिद्ध तिलेश्वर महादेव, जोगणिया माता और श्रीनाथजी के दर पर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और जीत का आशीर्वाद लिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने संकल्प जताया कि उनका एकमात्र उद्देश्य किसी गुट विशेष से प्रेरित रहने के बजाय कांग्रेस की जड़ों को सींचना और संगठन को मजबूत करना है।

**वरिष्ठ कांग्रेसियों और समर्थकों का मिला भारी समर्थन:**

खटीक की इस दावेदारी के बाद भीलवाड़ा और आसपास के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। उनके समर्थन में भीलवाड़ा के वरिष्ठ कांग्रेसियों, पूर्व पार्षदों और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भी आलाकमान को हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजे हैं। समर्थकों का मानना है कि एक खिलाड़ी की 'स्पोर्ट्समैन स्पिरिट' और जुझारूपन संगठन में नई जान फूंकने का काम करेगा। क्षेत्र में जगह-जगह पर आम जनता और कार्यकर्ताओं द्वारा मालाएं और साफा पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है। अब देखना दिलचस्प होगा कि मेवाड़ से उठी इस सियासी गूंज पर दिल्ली दरबार क्या मुहर लगाता है।

# "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम के तहत त्रिनेत्र गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

## -राष्ट्र की उन्नति, प्रदेश की खुशहाली एवं जनकल्याण की मंगल कामना की



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निर्देशानुसार "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" कार्यक्रम के तहत बुधवार को रणथम्भौर दुर्ग स्थित विश्व प्रसिद्ध त्रिनेत्र गणेश मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगल कामना कार्यक्रम आयोजित हुआ। देवस्थान एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से मुकेश दाधीच के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र की उन्नति, प्रदेश की खुशहाली, जनकल्याण तथा देशवासियों के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने देश के सर्वांगीण विकास एवं लोकमंगल के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत 12 वर्षों में देश में हुए विकासात्मक परिवर्तन और जनकल्याणकारी योजनाओं के विस्तार में और अधिक गति लाने की कामना की गई।

कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी गौरव मित्तल, तहसीलदार बृजेश कुमार, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेशचन्द्र जैन सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अधिकाधिक पात्र गौशालाओं को किया जाए पंजीकृत - जिला कलक्टार

## -जिला स्तरीय गोपालन समिति की बैठक हुई आयोजित



बूंदी (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तरीय गोपालन समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टधर हरफूल सिंह यादव की अध्य(क्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टार ने जिले में पशुपालन विभाग द्वारा अनुदान प्राप्ता करने वाली कुल गौशालाओं की संख्याल के बारे में जानकारी लेकर पंजीकरण प्रक्रिया को विस्ता र से समझा। उन्होंशने निर्देश दिए की जिले में जो गौशालाएं पंजीकृत नहीं हैं, उनके आवेदन करने के पश्चाात पं जीकरण प्रक्रिया में आ रही समस्यांओं का समाधान किया जावे ताकि अधिकाधिक पात्र गौशाला संचालकों को विभागीय नियमानुसार सहायता प्राप्तं हो सके एवं जिले में पंजीकृत गौशालाओं की संख्या में भी वृद्धि हो सके। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्री य राजमार्ग व एमडीआर सड़कों के किनारे गौशालाओं की स्थाापना हेतु भूमि आवंटन के लिए प्रस्तोव अतिशीघ्र भिजवाए जावें ताकि सड़क पर बैठने वाले निराश्रित पशुओं को इन गौशालाओं में भिजवाया जा सकें। जिला कलक्ट र ने कहा कि भेड़ निष्क्रशमण के लिए जिले में चयनित रूटों पर अभी से ही सभी आवश्याक व्य वस्थाकएं सुनिश्चिशत कर ली जाएं। भेड़ पालकों के साथ नियमित संवाद स्था पित रखा जावे ताकि उन्हें आने वाली विभिन्नथ समस्याओं के बारे में पूर्व में जानकारी उपलब्धा रहे एवं उन समस्यातओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जा सके। भेड़ पालकों के साथ आने वाले बच्चों् की पढ़ाई की समुचित व्यसवस्थाु संबंधित विद्यालय में की जावें। निर्धारित रूट पर पेयजल की उपलब्ध्ता सुनिश्चित की जावें। भेड़ों के प्रवास पर नियमित निगरानी रखने के लिए ग्राम स्तरर पर टीम का गठन किया जावें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा, जिला परिषद के मुख्यी कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, पशुपालन विभाग के संयुक्ता निदेशक डॉ. नीलकमल सक्सेेमना, मुख्यम चिकित्साी एवं स्वाीस्याुन अधिकारी डॉ. ओपी सामर सहित अन्यल संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

### ब्रीफ खबरें

# कैबिनेट मंत्री कुमावत ने परिक्रमा समापन समारोह में लिया भाग



पाली (रॉयल पत्रिका)। पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत बुधवार को पाली पहुंचे। जहां पर उन्होंने शहर स्थित लाखोटिया उधान में अधिकमास पर आयोजित कार्यक्रम परिक्रमा समापन समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंनें आयोजन में वे सभी से मिले व आयोजन की जानकारी ली। इस अवसर हलवाई सोहन सिंह व उनके साथी हलवाई का बहुमान किया इस अवसर पर भंवर चौधरी, राकेश भाटी, रामलाल कुमावत, नेमीचंद देवड़ा सहित पदयात्री सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पीले चावलों से दिया योग दिवस का निमंत्रण

## -परिवार सहित योग दिवस में सहभागिता का आह्वान



बूंदी (रॉयल पत्रिका)। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन का उत्सव बनाने की दिशा में सर्व समाज योग समिति एवं विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने बुधवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव को भारतीय संस्कृति की परंपरा अनुसार पीले चावल भेंट कर योग दिवस में सहभागिता का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर जिला कलक्टर यादव ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे "मैं नहीं, हम परिवार सहित" की भावना के साथ 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम में परिवार सहित भाग लेकर स्वास्थ्य जागरूकता की इस सकारात्मक पहल का हिस्सा बनें। पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में बाजारों, मोहल्लों एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में पीले चावल वितरित कर नागरिकों को योगाभ्यास हेतु आमंत्रित किया जाएगा तथा अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पेंशनर संघ जिलाध्यक्ष घनश्याम दुबे, प्रबोधक संघ जिलाध्यक्ष नूतन तिवारी, सर्व ब्राह्मण महासभा शहर अध्यक्ष अशोक शर्मा, क्षमता संगठन महामंत्री अरुणा चतुर्वेदी, योग शिक्षिका नीरू चतुर्वेदी, एबीएमएमएस सचिव मेघा बहेडिया, कल्पना शर्मा, पार्वती मीणा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

# जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया नीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका)। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बुधवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शहर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा भामाशाह द्वारका प्रसाद काबरा राजकीय पुरुषार्थी उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर परीक्षा व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्षों, स्ट्रांग रूम सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता एवं अभ्यर्थियों की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त ज़िला कलक्टर (प्रशासन) दिनेश धाकड़, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद आयुक्त दलीप पूनिया ने संभाला कार्यभार

## -सफाई, जल निकासी एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद सवाई माधोपुर के नवनियुक्त आयुक्त दलीप पूनिया ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। आयुक्त ने शहर के सभी वार्डों में ऑटो टिपर के माध्यम से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रोड लाइटों के सुचारू संचालन एवं वर्षा ऋतु को देखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति से बचाव के लिए नालों से अतिक्रमण हटाकर समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए।

**जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश:-**

बैठक में आयुक्त ने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा आमजन से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी विशेष अभियानों की पूर्व तैयारियां समय रहते पूर्ण करने को भी कहा। आयुक्त दलीप पूनिया ने कहा कि नगर परिषद का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# प्रदेश की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना को लेकर जिले के मंदिरों में हुए विशेष हवन एवं पूजन



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिला एवं उपखंड स्तर पर स्थित राजकीय प्रबंधित तथा पंजीकृत प्रन्यासों के मंदिरों में बुधवार को प्रदेश की खुशहाली, जनकल्याण एवं लोकमंगल की कामना के लिए विशेष हवन एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रदेश की समृद्धि, सुख-शांति और सर्वजन कल्याण की मंगलकामना की। जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ में राजकीय आत्मनिर्भर मंदिर श्री भद्रकाली जी, 08 एचएमएच में विशेष हवन एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, जनप्रतिनिधि प्रमोद डेलू, जनप्रतिनिधि अमित सहू, भारत भूषण शर्मा, उपखंड अधिकारी मांगीलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे। सभी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के सुख, समृद्धि और लोककल्याण की प्रार्थना की। इसी प्रकार श्रीगंगानगर जिला स्तर पर पंजीकृत प्रन्यास जगदम्बा अंध विद्यालय मंदिर परिसर में विशेष हवन एवं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सादुलशहर विधायकगुरवीर सिंह बराड़, अतिरिक्त जिला कलक्टर, रामकुमार सोनी, तहसीलदार सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। देवस्थान विभाग के तत्वावधान में जिले एवं उपखंड मुख्यालयों पर स्थित प्रमुख मंदिरों में भी विशेष हवन एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रमों में धर्माचार्यों एवं श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। देवस्थान विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, धार्मिक आस्था और लोकमंगल की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा आमजन की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

# 'बोल सवाई माधोपुर' इंग्लिश स्पोकन कैंप का सीईओ गौरव बुड़ानिया ने किया निरीक्षण

## -विद्यार्थियों को दिए करियर एवं व्यक्तित्व विकास के टिप्स




सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'बोल सवाई माधोपुर' इंग्लिश स्पोकन कैंप का मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा उनकी सीखने की प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित करते हुए नियमित अभ्यास, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी अंग्रेजी संवाद कौशल का प्रदर्शन कर अपनी प्रगति साझा की।

**पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर:-**

सीईओ गौरव बुड़ानिया ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में स्पोकन इंग्लिश एवं प्रभावी संचार कौशल सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। सवाई माधोपुर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल होने के कारण यहां के युवाओं के लिए पर्यटन, होटल, गाइड सेवा एवं आतिथ्य क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। बेहतर भाषा एवं संवाद कौशल युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर सीखने, व्यक्तित्व विकास एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला सहप्रभारी प्रेमराज मीणा, ब्लॉक प्रभारी कृष्णानंद गुप्ता, प्रधानाचार्य कल्पना शर्मा, प्रशिक्षक नीलम धनवानी, सीमा नसीब, स्नेहलता शर्मा एवं महेंद्र सिंधी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मंदिरों में गूंजे आस्था के स्वर



बारां (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार देवस्थान विभाग की ओर से बुधवार को जिला व उपखंड मुख्यालय पर प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना व मंगलकामना कार्यक्रम आयाजित कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की गई। बारां में प्यारेरामजी मंदिर में विधायक राधेश्याम बैरवा, एडीएम भंवरलाल जनागल, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सुमन, आनन्द गर्ग, नागरिक बैंक चेयरमैन हरगोविंद जैन, आचार्य परमानंद, ओपी पारेता, गोविंद चौहान, महावीर नामा, रामस्वरूप खींची, ओम चक्रवती, सीईओ जिला परिषद राजवीर सिंह चौधरी, डीएफओ, एसडीएम, तहसीलदार अन्य जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु उपस्थित रहे। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर भगवान अनंत नारायण की महाआरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। देवस्थान विभाग के प्रबंधक राजकुमार विजय ने बताया कि अंता में गोवर्धननाथजी मंदिर, किशनगंज में चतुर्भुज नाथ मंदिर, मांगरोल में बाबाजी राज मंदिर, शाहबाद में नगरकोट माताजी मंदिर, छीपाबड़ौद में चौथमाता मंदिर, छबड़ा में बीजासन माताजी मंदिर, गुगोर, अटरू में गणेश मंदिर बुध सागर तालाब पर विशेष पूजा अर्चना का कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन शामिल हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर दरगाह शरीफ में चादर पेश, देश में अमन-चैन की दुआ



जमवारामगढ़/ताला (रॉयल पत्रिका)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा राजस्थान भर में दरगाहों पर चादर पेश कर देश की खुशहाली, भाईचारे और अमन-चैन की दुआ की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जमवारामगढ़ क्षेत्र के ग्राम ताला स्थित हजरत शेख बाबा बुरहानुद्दीन चिश्ती की दरगाह शरीफ पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने चादर पेश की। कार्यक्रम भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जयपुर जिला महामंत्री जमील खान खोखर के नेतृत्व में दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ाकर देश की तरक्की, खुशहाली और सामाजिक सौहार्द की कामना की गई। जिला महामंत्री जमील खान खोखर ने कहा कि सूफी संतों और वालियों की शिक्षाएं प्रेम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि वालियों की दरगाहों से लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा और समाज में एकता का संदेश मिलता है। इस अवसर पर जिला मंत्री सलीम खान, तहसील महामंत्री जाहिद खान खोखर, यामीन सीलर, निजाम खान खिलची, बाबू खान, तहसील कोषाध्यक्ष, तहसील महामंत्री शरीफ खान खोखर, रफीक खान, हुसैन खान, तहसील मंत्री नवाब खान, रजा खान, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, जमवारामगढ़ मंडल अध्यक्ष इनायत खान, रहमत खान, अनु खान सहित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने देश में शांति, सद्भाव और विकास की निरंतरता के लिए विशेष दुआएं भी की।

# जिला कलक्टर ने 'इनोवेट चूरू' बूटकैंप का किया पर्यवेक्षण, निवेशक व उद्यमी अनंत विदुर पुरी ने दिए उद्यमिता के टिप्स



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में इन्क्यूबेशन सेंटर में संचालित 'इनोवेट चूरू' स्टार्टअप बूट कैंप में प्रतिभागियों के लिए विशेष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को आयोजित विशेष सत्र के में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने पर्यवेक्षण किया और निवेशक व उद्यमी अनंत विदुर पुरी (बेसेमर वेंचर पार्टनर्स) ने भी उद्यमिता के टिप्स साझा किए।

इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि आज भारत विश्व के सबसे बड़े एवं सबसे तेजी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक है तथा छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए भी वैश्विक स्तर पर प्रभाव डालने वाले उद्यम स्थापित करने के अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि चूरू जैसे जिलों से भी भविष्य के सफल उद्यमी एवं नवाचारकर्ता निकल सकते हैं, जो देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाएंगे।

जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि इनोवेट चूरू स्टार्टअप बूटकैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता, नवाचार एवं समस्या समाधान की भावना विकसित करना है ताकि वे भविष्य में केवल रोजगार प्राप्त करने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बन सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों को नई सोच, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करती है। उद्यमी व निवेशक अनंत विदुर पुरी ने वैश्विक स्टार्टअप एवं निवेश जगत में अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार एक साधारण आइडिया को सही दृष्टिकोण, नवाचार, समर्पण एवं निरंतर प्रयासों के माध्यम से एक सफल एवं प्रभावशाली व्यवसाय में परिवर्तित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में उद्यमिता केवल व्यवसाय स्थापित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप निर्माण की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराते हुए समस्या की पहचान, नवाचार आधारित समाधान विकसित करना, ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझना, उत्पाद निर्माण, व्यवसाय मॉडल तैयार करना तथा स्टार्टअप को बड़े स्तर तक विकसित करने की प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि निवेशक किसी स्टार्टअप में निवेश करते समय किन महत्वपूर्ण पहलुओं का मूल्यांकन करते हैं तथा एक सफल उद्यमी में कौन-कौन से गुण होने चाहिए। पुरी ने अनेक सफल भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप्स के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, जोखिम लेने, असफलताओं से सीखने तथा निरंतर नवाचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नवाचार के लिए संसाधनों से अधिक आवश्यक समस्या को समझने की क्षमता और उसे हल करने का दृढ़ संकल्प है।

सत्र के दौरान संवादात्मक प्रश्नोत्तर कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्टार्टअप आइडिया चयन, उत्पाद विकास, बाजार अनुसंधान, टीम निर्माण, निवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा उद्यमिता में करियर निर्माण से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका अतिथियों ने विस्तार से उत्तर देते हुए उन्हें सीखने, प्रयोग करने और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# टीम दिगराज सिंह ने चलाया 'पक्षी बचाओ-परिंडे लगाओ' अभियान

शाहपुरा (रॉयल पत्रिका)। भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत पहुंचाने और जल संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से टीम दिगराज सिंह शाहपुरा द्वारा 'पक्षी बचाओ-परिंडे लगाओ' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी के परिंडे लगाए जा रहे हैं, ताकि गर्मी के दिनों में पक्षियों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। अभियान के अंतर्गत मनोहरपुर नगरपालिका क्षेत्र, शाहपुरा, घासीपुरा, सुराणा, कुंभावास, बिशनगढ़, खोरी, अमरसर सहित कई स्थानों पर परिंडे लगाए गए। इस दौरान टीम के सदस्यों ने लोगों से भी अपने घरों, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों और खेतों में परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित हंसराज कसाणा ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना मानवता का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने आमजन से इस नेक पहल में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। टीम संयोजक दिगराज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में टीम द्वारा परिंडे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान पूरे ग्रीष्मकाल में निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं जीवों के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करना है। टीम के इस प्रयास की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक प्रेरणादायक पहल बताया।



# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

लॉस एंजिल्स। इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

लॉस एंजिल्स। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला



## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...



**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे



**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला


*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

# 32 साल बाद अमेरिका में फीफा की वापसी, 1994 के मुकाबले बदलेगा फुटबॉल का रोमांच



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

अमेरिका में 1994 में खेले गए पहले फीफा विश्व कप और 2026 में अमेरिका, मेक्सिको तथा कनाडा की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के बीच कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे।

11 जून से 19 जुलाई 2026 तक चलने वाला यह टूर्नामेंट आकार, टिकट कीमतों और सुविधाओं के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा।

### टिकट हुए कई गुना महंगे

1994: पहले दौर के मैचों के टिकट 25 से 75 डॉलर तक मिल जाते थे, जबकि फाइनल के टिकट 180 से 475 डॉलर के बीच थे।
वहीं 2026 में पहले दौर के टिकट 140 डॉलर से शुरू होकर 2,735 डॉलर तक पहुंच रहे हैं। फाइनल के टिकट 4,185 डॉलर से लेकर 8,680 डॉलर तक बेचे गए, जबकि बाद में उनकी अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 डॉलर कर दी गई। इस बार टिकटों की कीमत मांग के अनुसार बदलने वाली 'डायनेमिक प्राइसिंग' प्रणाली भी लागू की गई है।




### भौगोलिक दायरा

1994 : पूरा टूर्नामेंट अमेरिका के 9 स्टेडियमों में खेला गया था।
2026: तीन देशों में होगा आयोजन 16 स्टेडियमों का उपयोग होगा, जिनमें 11 अमेरिका, तीन मेक्सिको और दो कनाडा में हैं। क्वार्टर फाइनल से लेकर फाइनल तक के सभी मुकाबले अमेरिका में होंगे।

### बढ़ी टीमों की संख्या

1994 : विश्व कप 24 टीमों वाला आखिरी टूर्नामेंट था। इसके बाद 1998 में टीमों की संख्या 32 हुई।
वहीं 2026 में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। नए प्रारुप के कारण चैंपियन बनने वाली टीम को अब सात की जगह आठ मैच खेलने होंगे।

#### मैदानों का आकार

1994: उस समय फीफा मैदान की लंबाई 105 मीटर और चौड़ाई 68 मीटर तय की थी लेकिन स्टेडियमों को निर्धारित माप से छोटे मैदान रखने की छूट थी।
2026: सभी स्टेडियमों को फीफा के तय मानकों के अनुसार तैयार किया गया है।

### दर्शकों की संख्या

1994: विश्व कप में 52 मैचों में कुल 35.9 लाख दर्शक पहुंचे थे, जो उस समय रिकॉर्ड था।
2026: मैचों की संख्या बढ़ने के कारण 60 से 70 लाख दर्शकों के आने की संभावना जताई जा रही है।

### वाटर ब्रेक

1994: गर्म और उमस भरे मौसम के बावजूद मैच बिना किसी विशेष पानी के विराम के खेले जाते थे।
2026: प्रत्येक हाफ में तीन मिनट का वॉटर ब्रेक होगा। कोच इस समय का उपयोग खिलाड़ियों को रणनीति समझाने के लिए भी कर सकेंगे।

### स्थानापन्न खिलाडी

1994: एक टीम अधिकतम दो खिलाड़ियों को बदल सकती थी, जबकि विशेष परिस्थितियों में गोलकीपर के लिए अतिरिक्त बदलाव की अनुमति थी।
2026: प्रत्येक टीम पांच खिलाड़ियों को बदल सकेगी। अतिरिक्त समय में छठा बदलाव और सिर में चोट (कंकशन) की स्थिति में अलग से बदलाव की सुविधा भी रहेगी।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-वेस्टइंडीज का वनडे चढ़ा बारिश की भेंट

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज और श्रीलंका के बीच दूसरे एकदिवसीय की तरह तीसरा एकदिवसीय मैच भी एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे मैच रद्द करने का फैसला किया क्योंकि बारिश रुकने की स्थिति में भी आउटफील्ड को मुकाबले के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था। श्रीलंका ने श्रृंखला का पहला मैच 41 रन से जीता था, जो कैरेबियाई सरजमीं पर 13 साल में उसकी पहली जीत थी। आखिरी दो मैच बारिश की भेंट चढ़ने से श्रीलंका ने श्रृंखला 1-0 से अपने नाम की। दोनों टीम के बीच अब तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसका पहला मैच गुरुवार को किंग्सटन में होगा।

### सोमालिया के रैफरी को नहीं मिली यूएसए में एंट्री

**मियामी।** अमेरिका में प्रवेश नहीं मिलने के कारण सोमालिया के रैफरी उमर अर्टन फीफा विश्व कप में अधिकारी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग ने बताया कि सोमालिया के एक नागरिक को शनिवार को इस्तांबुल से मियामी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया। इस व्यक्ति को विश्व कप में रैफरी की भूमिका निभानी थी। हालांकि सीबीपी ने अपने बयान में उस व्यक्ति का नाम नहीं बताया लेकिन अर्टन विश्व कप में सोमालिया से एकमात्र रैफरी हैं। फीफा ने बाद में पुष्टि की कि अर्टन विश्व कप में ट्रेनिंग और रैफरी की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था ने कहा, 'फीफा मेजबान देश की आव्रजन प्रक्रियाओं में शामिल नहीं होता, जिसमें वीजा से जुड़े फैसले भी शामिल हैं। अधिकारियों ने हमें बताया है कि अर्टन की स्थिति में अभी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।'

### प्रज्ञानानंदा की वापसी से ले सकते हैं प्रेरणा : आनंद



**नई दिल्ली।** विश्वनाथन आनंद ने आर प्रज्ञानानंदा के खेलने के बेहद प्रतिस्पर्धी अंदाज की तारीफ की और संघर्ष कर रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश से कहा कि वे नार्वे शतरंज चैंपियन बने इस खिलाड़ी से सीख लेकर अपनी वापसी की कहानी लिखें। प्रज्ञानानंदा हाल ही में नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बने जबकि गुकेश टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रहे। आनंद ने कहा, 'मुझे खुशी है कि प्रज्ञानानंदा ने शानदार अंदाज में नार्वे शतरंज जीता। पिछले चार दौर में उन्होंने जिस तरह से जोरदार वापसी की उससे मैं बहुत खुश हूं। वे बहुत ही प्रभावशाली शैली के साथ खेल रहे हैं।' आनंद ने कहा, 'प्रज्ञानानंदा इस समय गुकेश से बेहतर खेल रहे हैं लेकिन कुछ भी बदल सकता है।

## ट्राई नेशन सीरीज: पहले मैच में भारत ने श्रीलंका को 8 रन से हराया

# आखिरी चार गेंदों में चटकाए तीन विकेट इंडिया ए की श्रीलंका ए पर रोमांचक जीत

एजेंसी ▶▶| दांबुला

इंडिया ए ने ट्राई नेशन सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका ए को 8 रनों से हराया। भारत ए ने श्रीलंका ए के आखिरी तीन विकेट चार गेंदों पर चटकाए। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली इंडिया ए ने पहले खेलते हुए रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में 6 विकेट पर 277 रन बनाए। 49वें ओवर में श्रीलंका ए की पारी 269 रनों पर सिमट गई। ऋतुराज गायकवाड़ ने शतकीय पारी खेली।

### 49वें ओवर में रोमांच

श्रीलंका ए को जीत के लिए आखिरी दो ओवर में सिर्फ 10 रन चाहिए थे। 49वें ओवर में अरशद खान की पहली गेंद पर एक रन बना। दूसरी गेंद पर विजयकांत व्यासकांत एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। तीसरी गेंद पर 23 रन बनाकर खेल रहे वानुजा सहन रन आउट हो गए। 5वीं गेंद पर आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद शिराज आउट हो गए और इंडिया ए जीत गई।

### श्रीलंका की ठोस शुरुआत

श्रीलंका ए को अनुभवी निरोशन डिकवेला और अविष्का फर्नांडो ने ठोस शुरुआत दिलाई। पहले विकेट के लिए दोनों ने 99 गेंदों पर 93 रन जोड़े। आयुष बडोनी ने दोनों ही बल्लेबाज को आउट किया। डिकवेला ने 47 और अविष्का ने 45 रन बनाए। तीसरे नंबर पर उतरे नुवानिदु फर्नांडो 8 रन ही बना सके। 16 रनों के अंतर 3 विकेट गिरने के बाद सदीरा समरविक्रमा और कप्तान सहान अराच्चिगे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 78 रनों की साझेदारी हुई। 34वें ओवर में श्रीलंका ए की टीम 187 रनों तक पहुंच गई थी।



### कंबोज ने बड़ा विकेट झटका

51 गेंदों पर 46 रन बनाने वाले सदीरा को आउट करके अनुकूल रॉय ने यह साझेदारी तोड़ी। लेकिन सहान ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि इंडिया ए के गेंदबाज दूसरे छोर से विकेट चटकाते रहे। 3 ओवर में मेजबान टीम को 17 रन चाहिए थे। अंशुल कंबोज ने 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर सहान को यॉर्कर मारकर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 72 गेंदों पर 74 रन बनाए। इंडिया ए की तरफ से अरशद खान, अनुकूल रॉय, विपराज निगम और आयुष बडोनी ने 2-2 विकेट लिए।

### भारतीय टीम की शुरुआत नहीं रही अच्छी

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 2 और वैभव सूर्यवंशी 14 रन बनाकर आउट हो गए। 16 रन पर 2 विकेट गंवा चुकी इंडिया ए को प्रियांश आर्य और ऋतुराज गायकवाड़ ने संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आर्य 32 गेंदों पर 32 रन बनाकर आउट हुए।

### गायकवाड़ ने लगाया बेहतरीन शतक

इसके बाद गायकवाड़ और कप्तान तिलक वर्मा ने मोर्चा संभाला और चौथे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने बेहतरीन शतक लगाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 114 गेंदों पर 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 101 रन की पारी खेली। तिलक ने 97 गेंदों पर 60 की पारी खेली। आयुष बडोनी ने 24 और सुयांश शेड़गे ने 26 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मोहम्मद शिराज ने 2 विकेट लिए। वह सबसे सफल गेंदबाज रहे। इसके अलावा, चमिका करुणारत्ने, गारुका संकेथ, और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट लिए।

### ऋतुराज ने की द्रविड़ और गंभीर की बराबरी

श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन शतकीय पारी खेली। यह ऋतुराज का लिस्ट ए क्रिकेट में 21वां शतक था। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और वर्तमान कोच गौतम गंभीर की बराबरी कर ली। इन दोनों खिलाड़ियों के भी लिस्ट ए क्रिकेट में 21-21 शतक हैं। ऋतुराज ने श्रीलंका ए के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 114 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए।

## अफगानिस्तान श्रृंखला

# रोहित और हार्दिक फिट सीरीज के लिए हरी झंडी



एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने रविवार से अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला में शुरू होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की मंजूरी दे दी। पंड्या और रोहित चोटों के कारण मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल के कई मैच नहीं खेल पाए थे। जहां पंड्या पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे थे तो वहीं रोहित की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव था। पंड्या दो जून से बेंगलुरु में सीओई में हैं।

### सीओई ने दी पंड्या को फिटनेस मंजूरी

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, '2 जून को सीओई में आने से पहले हार्दिक विदेश में छुट्टियां मना रहे थे। अगले पांच दिन में उन्होंने मैच जैसी कई स्थितियों में तैयारी की और 10 ओवर (पूरा कोटा) तक गेंदबाजी भी की।' सूत्र ने कहा, 'उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई और जानकारी के मुताबिक सीओई में स्ट्रेंथ और अनुकूलन कोच ने अलग-अलग पैमानों पर उनकी फिटनेस को मंजूरी दे दी है।'

### रोहित को मिली खेलने की स्वीकृति

पूर्व कप्तान रोहित भी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की जांच के लिए सीओई में थे और जांच के बाद उन्हें भी खेलने की स्वीकृति मिल गई है। सोमवार को भारत के सहायक कोच सितांशु कोटक ने कहा था कि भले ही उनके पास पंड्या की फिटनेस के बारे में कोई ताजा जानकारी नहीं है लेकिन उन्हें लगता है कि यह ऑलराउंडर ठीक है। पंड्या भारत की सीमित ओवरों की टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी हैं क्योंकि वह अपनी तेज गेंदबाजी और डेथ ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से टीम को संतुलन देते हैं।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# हरमनप्रीत की टॉप-10 में वापसी अमेलिया नंबर-1 ऑलराउंडर



एजेंसी ▶▶| दुबई

*आईसीसी महिलाओं की ताजा रैंकिंग जारी की है, जिसमें न्यूजीलैंड की स्टार अमेलिया केर ने टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में एक बार फिर शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। अमेलिया टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से कुछ दिन पहले ही टॉप पोजीशन पर लौटी हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज दूसरे नंबर पर खिसक गई हैं। वहीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शीर्ष 10 में वापसी की है।*

### टॉप-10 बल्लेबाजों में तीन भारतीय

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी रैंकिंग में एक स्थान का सुधार किया है। टॉपटन में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के निर्णायक मैच में नाबाद अर्धशतक लगाने के बाद कौर ने टॉप 10 में वापसी की है। टॉप-10 में अब तीन भारतीय खिलाड़ी हो गई हैं। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 5वें जबकि शेफाली वर्मा बैटिंग रैंकिंग में 7वें नंबर पर काबिज हैं।*

### इंग्लैंड की खिलाड़ियों को फायदा

*सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली इंग्लैंड की खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। एलिस कैप्सी, जो सीरीज के निर्णायक मैच में 82 रनों की शानदार पारी खेलकर 'प्लेयर ऑफ द मैच' बनी थीं, टी20 बल्लेबाजों की लिस्ट में 13 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें नंबर पर पहुंच गई हैं। बांग्लादेशी कप्तान निगार सुल्ताना बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि इंग्लैंड की अनुभवी खिलाड़ी हीथर नाइट चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें नंबर पर पहुंच गई हैं।*

# इंग्लैंड के कप्तान पर मंडराया टीम से बाहर होने का खतरा

एजेंसी ▶▶| लंदन



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और उनके साथी खिलाड़ी गस एटकिंसन पर टीम के नियम तोड़ने के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट से बाहर किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड पर जीत का जश्न मनाने के दौरान ये दोनों खिलाड़ी तड़के एक घटना में शामिल थे। ईसीबी के अनुसार, 'सोमवार तड़के बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन एक नाइटक्लब में मौजूद थे, तभी एक घटना हुई।'

बयान के मुताबिक, 'हम अभी और जानकारी जुटा रहे हैं और दूसरे टेस्ट के लिए टीम की घोषणा सही समय पर की जाएगी।' ऑस्ट्रेलिया के शर्मनाक एशेज दौरे के बाद जनवरी में इंग्लैंड की टीम पर फिर से कर्फ्यू लगाया गया था, जहां इंग्लैंड पर अधिक शराब पीने और गैरपेशेवर व्यवहार के आरोप लगे थे। एशेज के बाद इंग्लैंड ने अपने पहले टेस्ट में रविवार को लॉर्ड्स में न्यूजीलैंड को 115 रन से हराया। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट 17 जून से ओवल में खेला जाएगा।

# आयरलैंड-इंग्लैंड दौरा : टी20 सीरीज से सिराज बाहर, कृष्णा को मौका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीसीसीआई ने बताया कि मोहम्मद सिराज को काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है और आयरलैंड तथा इंग्लैंड के दौरों के लिए उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने इस कदम को 'एहतियाती उपाय' बताया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले वह पूरी तरह से उबर सकें। सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ क्रमशः 2 और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए वह टीम का हिस्सा नहीं थे। बीसीसीआई ने



कहा, 'तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की टीम से हटा दिया गया है।' 'बीसीसीआई की मेडिकल टीम और टीम प्रबंधन के बीच चर्चा के बाद सिराज को उनके काम के बोझ के प्रबंधन के तहत आराम करने की सलाह दी गई है।' बीसीसीआई ने कहा, 'यह फैसला एहतियाती उपाय के तौर पर लिया गया है, जिससे कि लंबे अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले उन्हें ठीक होने का पूरा समय मिल सके। पुरुष चयन समिति ने दोनों टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सिराज की जगह प्रसिद्ध कृष्णा को टीम में शामिल किया है।'

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : अब चीन के हू झे आन से होगा मुकाबला

# सनीथ ने जीता क्वालिफिकेशन राउंड, मुख्य ड्रॉ में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सनीथ दयानंद ने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। क्वालीफाइंग दौर में चौथी वरीयता प्राप्त दयानंद ने पहले स्थानीय खिलाड़ी कारोनो को 21-17, 21-15 से आसानी से हराया और फिर मलेशिया के मिंग होंग लिम को 21-9, 21-16 से हराकर मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की की। मुख्य ड्रॉ में सनीथ को पहले दौर में चीन के हू झे आन से भिड़ना है।



### मनराज स्पर्धा से हुए बाहर

मनराज सिंह हालांकि अपने दूसरे क्वालीफिकेशन मैच में मलेशिया के इओजीन इवे के खिलाफ 11-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पुरुष युगल मुख्य ड्रॉ में अच्युतादित्य राव और पी अर्जुन रेड्डी की भारतीय जोड़ी का सफर पहले ही दौर में खत्म हो गया जब उन्हें कांकी इगावा और ओई यी हर्न की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के खिलाफ 15-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### सिंधू की भिड़ंत कैस्टिलो से आज

एकल में मुख्य दौर के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे, जिसमें भारत की चुनौती की अगुवाई दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू अपने अभियान की शुरुआत पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो के खिलाफ करेंगी। सिंधू अगर जीत दर्ज करती हैं तो अगले दौर में उनका सामना साथी भारतीय इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले पहले दौर के मुकाबले के विजेता से होगा।

### गोह जिन वेई से भिड़ेंगी मालविका

महिला एकल में तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चिउ पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ मलेशिया की गोह जिन वेई से भिड़ेंगी। अनमोल खरब को अपने पहले ही मैच में जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा जबकि तान्या हेमंत की भिड़ंत अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगी।

## शिक्षा मंत्री का राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मुख्यालय का दौरा

# पुनर्परीक्षा की तैयारियों का प्रधान ने लिया जायजा, सुरक्षा व्यवस्था गोपनीयता और साइबर सुरक्षा उपायों को परखा, निर्देश जारी किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा कर नीट 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने एनटीए अधिकारियों के साथ बैठक की और परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता तथा साइबर सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा 21 जून को आयोजित होनी है और सरकार परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए संबंधित सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।



### राज्यों से अतिरिक्त सहयोग मांगा



### एनटीए में नए अधिकारियों की तैनाती

*प्रधान ने बताया कि एनटीए की संस्थागत क्षमता को मजबूत करने के लिए कई नए अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव और निदेशक स्तर के कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि अनुभवी और नए दोनों तरह के अधिकारियों को स्पष्ट जिम्मेदारियां दी गई हैं।*

### सचिवों संग की बैठक, सभी मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

प्रधान ने बताया कि कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों की बैठक भी आयोजित की गई है। प्रधान ने कहा कि राज्य सरकारों ने पहले भी सहयोग किया है, लेकिन इस बार और अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि मैंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। उनका पहले भी सहयोग रहा है, इस बार थोड़ा अधिक ध्यान दिया जाए। अनेक राज्य के मुख्यमंत्रियों ने अपने राज्य के नीजी और चीफ सेक्रेटरी की उपस्थिति में कलेक्टर, एसपी की मीटिंग शुरू की हैं। इसमें एनटीए के डीजी स्वयं जुड़ते हैं। बारी-बारी से राज्यों की प्रस्तुति हो रही है।

### पेपर लीक मामले में सख्त कार्रवाई होगी

नीट पेपर लीक मामले पर प्रधान ने कहा कि जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। सरकार चाहती है सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, उनकी भूमिका की जांच की जाए और अदालत में शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कर उन्हें उदाहरणात्मक सजा दिलाई जाए। जिन एजेंसियों या पक्षों ने अपने अनुबंध संबंधी दायित्वों का पालन नहीं किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की संभावनाओं की भी जांच की जा रही है।

### गृह सचिव करेंगे उच्च स्तरीय बैठक

प्रधान ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की है तथा शाम को स्वास्थ्य मंत्री से भी बैठक करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र भी पूरे मामले पर करीबी नजर बनाए हुए है।

### साइबर संसाधनों का भी होगा उपयोग

प्रधान ने कहा कि साइबर खतरों और अफवाहों से निपटने सरकार संसाधनों का उपयोग कर रही है। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो और सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की साइबर क्षमताओं को भी शामिल किया गया है।

### प्रधानमंत्री भी कर रहे निगरानी

प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं नजर रखे हुए हैं। उपिछली कमियों से सबक लिया गया है और इस बार परीक्षा प्रक्रिया को अधिक मजबूत, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है।

### छात्रों से की ये अपील

प्रधान ने कहा कि मैं छात्रों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि वे सिर्फ अपनी तैयारी पर ध्यान दें।

## खबर संक्षेप

### बीकानेर में 6 प्रसूताओं की किडनी फेल!

**बीकानेर।** राजस्थान में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोटा में प्रसूताओं की मौत और गंभीर संक्रमण के मामलों के बाद अब बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद 6 महिलाओं की किडनी प्रभावित होने का मामला सामने आया है। सभी महिलाओं को डायलिसिस पर रखा गया है।



### नहीं होंगे टू फिंगर टेस्ट झारखंड हाईकोर्ट बोला

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रेप पीड़िताओं के लिए कानूनी और सामाजिक हालात बेहतर बनाने और समाज से पीड़ित को ही दोषी की नजर से देखने वालों की सोच बदलने के लिए राज्य सरकार को कई निर्देश जारी किए। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जीरो एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य करने को कहा। पीड़िताओं के लिए टू-फिंगर टेस्ट पर पूरी तरह रोक लगा दी है।



### ठाणे में टायर के गोदाम में लगी भीषण आग

**पुणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पुलिस स्टेशन के पास टायर रखने वाले खुले गोदाम में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि आग की सूचना सुबह 11:51 बजे मिली। यह दहिसर मोरी इलाके में शील दाइघर पुलिस स्टेशन के पीछे है।



### लक्षद्वीप में शराब बिक्री को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** करीब 47 साल तक शराबबंदी लागू रहने के बाद केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में अब नियंत्रित और लाइसेंस आधारित शराब बिक्री की इजाजत दी जाएगी। केंद्र ने 1979 से लागू लक्षद्वीप निषेध विनियमन को समाप्त कर दिया है और नया लक्षद्वीप आबकारी विनियमन-2026 लागू किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कानून की तारीख जल्द जारी होगी।



### मोदी कैबिनेट में 12 मंत्रियों के फेरबदल की चर्चा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनाव की दस्तक के साथ ही एनडीए सरकार में कैबिनेट फेरबदल की अटकलें तेज हैं। इस बार कई केंद्रीय मंत्रियों के विभाग बदले जा सकते हैं।अभी यह स्पष्ट नहीं है कि किन मंत्रालयों में बड़े बदलाव होंगे, लेकिन खबर है फेरबदल की सूची में 12 मंत्रियों के नाम हो सकते हैं। सरकार अपनी टीम को और मजबूत बनाने की तैयारी कर रही है।



## कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मी भी रहे शामिल

# कोलकाता में वारंट लेकर सीआईडी की टीम पहुंची दीदी के घर, तलाशी की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल से बड़ी खबर है कि सीआईडी की एक टीम मंगलवार को टीएमसी प्रमुख ममता बेनर्जी के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि कालीघाट स्थित निजी आवास पर सीआईडी की टीम पहुंची है। टीम तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बेनर्जी को नोटिस देने पहुंची है। ममता इस वक्त दिल्ली में हैं और सोनिया गांधी से मुलाकात करने उनके आवास गई थीं।

सीआईडी अधिकारी कालीघाट पुलिस थाने की एक टीम और महिला पुलिस कर्मियों के साथ दोपहर के आसपास टीएमसी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय पहुंचे। सीआईडी ने इससे पहले विपक्ष के नेता के रूप में शोभनदेब चट्टोपाध्याय को नामित किए जाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए प्रस्ताव पर टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित तौर पर जाली हस्ताक्षर किए जाने से जुड़े मामले के सिलसिले में जानकारी मांगते हुए पार्टी नेताओं को नोटिस जारी किए थे।

### टीएमसी के कुछ विधायकों के कथित जाली हस्ताक्षर करने का मामला



आवास के सामने सीआईडी

### कार्यालय प्रबंधन से बहस भी हुई

सीआईडी अधिकारियों ने बताया कि टीएसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक की ओर से नोटिस के जवाब में दिए गए जवाब के आधार पर परिसर की तलाशी लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि अभिषेक ने अपने जवाब में कहा कि विधायकों के हस्ताक्षर पार्टी के 30बी हरीश चटर्जी मार्ग स्थित केंद्रीय कार्यालय में लिए गए थे। इसी के आधार पर हम जांच के सिलसिले में यहां आए हैं। अधिकारी ने कहा कि जांच टीम को परिसर में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके चलते कार्यालय का प्रबंधन करने वालों के साथ संक्षिप्त बहस हुई।

### मामला विवादास्पद पत्र के कारण बढ़ा

यह मामला 19 मई को विधानसभा सचिवालय में जमा किए गए एक विवादास्पद पत्र से जुड़ा है, जिसमें शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता के रूप में नामित किया गया था। पत्र पर तृणमूल के लगभग 70 विधायकों के हस्ताक्षर होने की बात कही गई है। बागी विधायकों रिताब्रता बेनर्जी और संदीपन साहा की शिकायतों में आरोप लगाया गया है कि पत्र पर मौजूद कुछ हस्ताक्षर जाली थे, जिसके कारण प्राथमिकी दर्ज की गई और सीआईडी जांच शुरू की गई।

#### ममता गुट के कल्याण का दावा

### शाह के बुलावे पर दिल्ली गए यूसुफ

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब और खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख के बीच अब पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी सांसद यूसुफ पठान का नाम भी विवाद के केंद्र में आ गया है। ममता के करीबी नेता कल्याण बनर्जी ने दावा किया है कि यूसुफ अमित शाह के फोन आने के बाद दिल्ली गए थे। वहीं बागी नेता काकोली घोष दस्तीदार लगातार यह दावा कर रही हैं कि उनके साथ बड़ी संख्या में सांसद हैं और पार्टी के भीतर असंतोष गहरा चुका है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो सांसद भाजपा नेता भूपेंद्र यादव के घर गए, उन्होंने साफ तौर पर भाजपा का साथ चुन लिया है।

### अभिषेक रहे अनुपस्थित

*टीएमसी के पूर्व सांसद शुभाशीष चक्रवर्ती ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने अभिषेक की गैरमौजूदगी में तलाशी का विरोध किया। हमने अभिषेक की गैरमौजूदगी में सीआईडी को परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। अभिषेक के आने के बाद सीआईडी परिसर की तलाशी ले सकती है।*

### 24 घंटे में सोनिया से दूसरी बार मिलीं ममता, कई मुद्दों पर की चर्चा

इंडिया गठबंधन की बैठक के एक दिन बाद मंगलवार को बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात हो रही है। बंगाल की बिधाननगर उत्तर पुलिस ने बिधाननगर नगर निगम के पूर्व महापौर सब्यसाची दत्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उन पर एक व्यापारी से एक करोड़ की मांग करने और उसे धमकाने का आरोप है। इस दौरान कई मुद्दों पर बात करने की खबर है।



## सुखेंदु ने सांसद पद से दिया इस्तीफा, बोले

# टीएमसी चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी, ट्वीट के लिए तलब किया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

टीएमसी छोड़ने और राज्यसभा सांसद के पद से इस्तीफा देने पर सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि यह चोरों और दुष्कर्मियों की पार्टी है। अराजक है। आरजी कर की घटना ने मुझे फैसला लेने में मदद की। अगर मैं तब पार्टी छोड़ देता, तो कॉन्ट्रैक्ट किलर्स मेरी हत्या कर सकते थे।

जब आरजी कर की घटना हुई, तो लोग सड़कों पर उतर आए। मैंने अपने राजनीतिक करियर में ऐसा कुछ कभी नहीं देखा था और मैंने इस बारे में आवाज उठाई। मैंने कहा कि इसमें शामिल सभी लोगों को फांसी दी जानी चाहिए, मैंने एक ट्वीट भी किया और विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुआ, तब मेरे ट्वीट के लिए मुझे तलब भी किया गया था। दनता के ऐतिहासिक फैसले को सम्मानपूर्वक स्वीकार कर मैंने इस्तीफा दिया।



### टीएमसी समर्थक बोले- वो सभी गद्दार और सत्ता के भूखे

टीएमसी के भीतर जारी बगावत अब खुली राजनीतिक जंग में बदलती दिखाई दे रही है। पार्टी के कई सांसदों के बागी रुख अपनाने के बाद ममता बेनर्जी के करीबी नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। सांसद कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने बागी नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें गद्दार, सत्ता का भूखा और भाजपा से जुड़ा हुआ बताया। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी को कमजोर करने के लिए अंदरूनी टूट कराने की कोशिश कर रही है।

### दत्ता की पेशी, लोगों ने फेंके टमाटर-अंडे



लोगों का विरोध

टीएमसी के नेता सब्यसाची दत्ता को रंगदारी और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें मंगलवार सुबह उत्तर 24 परगना जिले के रायगाछी स्थित उनके घर से हिरासत में लिया। कोर्ट ले जाते समय कुछ लोगों ने उनके ऊपर अंडे और टमाटर फेंके, जिससे वहां कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई।

### टीएमसी नेता जहांगीर को 5 दिन की पुलिस कस्टडी

बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फालता से टीएमसी के नेता जहांगीर खान को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सोमवार को भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किए गए जहांगीर खान को आज डायमंड हार्बर कोर्ट में पेश किया गया।

## तेलंगाना के सीएम रेड्डी का दावा

# दिल्ली, मुंबई ,बेंगलुरु में दिक्कतें हैदराबाद बनेगा 'ग्लोबल सिटी'

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के सीएम ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि हैदराबाद को एक बेहतर और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने शहर के विकास को लेकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की नई इमारत की नींव रखने के बाद रेड्डी ने कहा कि देश के बड़े शहर अलग-अलग समस्याओं से जूझ रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण, मुंबई में बाढ़ और बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में ट्रैफिक की समस्या है। हैदराबाद के बढ़ते आकार को देखते हुए शहर को तीन हिस्सों में बांटा गया है- ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन , साइबराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन और मलकाजगिरी म्युनिसिपल कॉरपोरेशन। यह कदम भविष्य की आबादी और शहर के विस्तार को ध्यान में रखकर उठाया गया है। साइबराबाद क्षेत्र को एक बड़ा टेक हब बनाया जा सकता है।



## दिल्ली अग्निकांड में नया खुलासा

# टी ब्रेक, चालू छोड़ा ऑयल फ्रायर सूचना में देरी से गईं कई 'जानें'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के फ्लोरिश स्टे होटल में 3 जून को हुए भीषण अग्निकांड की जांच में कई गंभीर लापरवाही सामने आई हैं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि एक छोटी सी चाय की चुस्की, एक लावारिस छोड़ा गया तेल फ्रायर और आग लगने के बाद भी किसी को सूचित न करने वाले रसोइए की निष्क्रियता, इस भयावह त्रासदी के पीछे की कड़वी सच्चाई है।

आग की शुरुआत होटल के किचन में तब हुई जब रसोइया केशव नेगी चाय बना रहा था। उसने तेल से भरे फ्रायर को चालू छोड़ा और चाय पीते समय उसे भूल गया। तेल का तापमान ऑटो-इग्निशन बिंदु तक पहुंचा, उसने आग पकड़ ली, जिससे छत में आग लग गई और पूरे होटल में फैल गई। आग लगने के कारणों को और स्पष्ट करने के लिए, दिल्ली पुलिस आईआईटी दिल्ली की मदद लेने की तैयारी कर रही है।

## देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल

# उपराष्ट्रपति ने कहा नदी जोड़ो परियोजनाओं में धन नहीं, लोगों की सोच सबसे बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि देश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन परियोजनाओं में धन की कमी सबसे बड़ी बाधा नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और राजनीतिक कारण सबसे बड़ी चुनौती हैं।उपराष्ट्रपति भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राधाकृष्णन ने यह बात कही।



### मुख्य बातें

- *राष्ट्रीय हित में पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए दूरदर्शी और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर।*
- *'जल संचय जन भागीदारी' को सराहा। अभियान के दूसरे चरण में 1.55 करोड़ से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई या दर्ज की गई हैं, जो लक्ष्य से अधिक हैं।*
- *केन-बेतवा लिंक, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक और गोदावरी-कावेरी लिंक जैसी प्रमुख नदी जोड़ो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।*

### जल संकट कम होगा

उपराष्ट्रपति ने कहा कि नदियों को जोड़ने से जल संकट कम होगा, सूखे से निपटने में मदद मिलेगी, सिंचाई क्षेत्र बढ़ेगा और देश के विभिन्न हिस्सों में संतुलित विकास संभव होगा। उपराष्ट्रपति ने केन-बेतवा जैसी अहम परियोजनाओं पर वृत्तचित्र और स्थायी रिकॉर्ड तैयार करने का सुझाव दिया।

## मानसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां बनीं

### मौसम विभाग ने देश को दी खुशखबर

# बिहार व छग की दहलीज पर पहुंचा मानसून, 5 दिन होगी झमाझम वर्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मौसम पूर्वानुमान में कहा है कि बंगाल की खाड़ी की शाखा वाला मॉनसून बिहार की दहलीज तक पहुंच गया है।दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे पूर्वोत्तर में पहुंचने के बाद अब बिहार की तरफ बढ़ते हुए पूरे सिक्किम और हिमालयी पश्चिम बंगाल को ढंक चुका है। उसका अगला पड़ाव पूर्वी बिहार और छग होगा। बिहार-झारखंड और बंगाल में मानसून के पहुंचने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं और 1-2 दिन में यह इन राज्यों में दस्तक दे सकता है।





कोच्चि में बारिश से बचते लोग

### आगे बढ़ने की पूरी संभावना

*आईएमडी ने कहा है कि इसकी उत्तरी सीमा 9 जून को हरनई, सोलापुर, कालाबुरगी, नंदीयाल, चेन्नई और सिलीगुड़ी जैसे क्षेत्रों से होकर गुजर रही है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले 4-5 दिन के दौरान मानसून के महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं।*

### इन राज्यों में होगी व्यापक बारिश

*मानसून की रफ्तार और सक्रियता को देखते हुए आईएमडी ने कहा है कि 9 से 15 जून तक पूर्वोत्तर और दक्षिण के कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 9 से 15 जून के दौरान व्यापक वर्षा होने की संभावना है। इन राज्यों के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में भी पूरे सप्ताह झमाझम बारिश के आसार जताए गए हैं। गंगीय पश्चिम बंगाल में 10-12 जून, ओडिशा में 11-12 जून, बिहार में 11 जून और झारखंड में 12-13 जून को व्यापक बारिश हो सकती है।*

## मद्रास हाईकोर्ट का फैसला

# दरगाह पर वक्फ बोर्ड की मनमर्जी नहीं चलेगी, दावा खारिज किया

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश में जहां-तहां, नए-पुराने दरगाहों को लेकर विवाद कोई पुराना नहीं हैं। ऐसी जगहों पर वक्फ बोर्ड अक्सर दावा करता आया है। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट के हाल में सुनाए एक फैसले से वक्फ बोर्ड को बड़ा झटका लगा है।

हाईकोर्ट ने ऐसी संपत्तियों से जुड़े विवादों पर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भूमि पर दरगाह, कब्र या धार्मिक स्थल का होना मात्र उसे स्वतः वक्फ संपत्ति नहीं बना देता। मामला तमिलनाडु राज्य से जुड़ा है। यहां के ट्रिप्लिकेन के कामराज रोड पर स्थित एक दरगाह मामले में अपीलकर्ता ने दावा किया कि यह जमीन वैसे तो यह जमीन लोक निर्माण विभाग की थी और उसे कभी भी विधिवत वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया गया है। वक्फ बोर्ड ने इसे अपनी संपत्ति मानते हुए उन्हें मुतवल्ली न मानते हुए, एक अलग व्यक्ति को नियुक्त किया है।



मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com